दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 290 | जयपुर | रविवार, 25 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

पहला रियूजेबल भारतीय हाइब्रिड रॉकेट आरएचयूएमआई 1 लॉन्च

बढ़ता राजस्थान

चेन्नई (एजेंसी)। भारत ने शनिवार (24 अगस्त)को अपना पहला रियूजेबल हाइब्रिड रॉकेट आरएचयूएमआई 1 लॉन्च किया। चेन्नई के थिरुविदंधई से मोबाइल लॉन्चर के जरिए रॉकेट की लॉन्चिंग हुई। रॉकेट को तमिलनाडु बेस्ड स्टार्टअप स्पेस जोन इंडिया और मार्टिन ग्रुप ने मिलकर बनाया है।

हाइब्रिड रॉकेट आरएचयूएमआई 1 के जरिए 3 क्यूब सैटेलाइट और 50 पीआईसीओ सैटेलाइट को सबऑर्बिटल ट्रैजेक्टरी में भेजा गया। ये सैटेलाइट ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज से जुड़े रिसर्च के लिए डेटा इकट्ठा करेंगे।

आरएचयूएमआई 1 रॉकेट जेनेरिक फ्यूल बेस्ड हाइब्रिड मोटर और इलेक्ट्रिकली ट्रिगर पैराशूट सिस्टम से लैस है। रॉकेट को फ्लेक्सिबिलिटी और रियूजेबल पर फोकस करते हुए खास तरह से डिजाइन किया गया है।

53 सैटेलाइट सबऑर्बिटल में भेजे गए; ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज के रिसर्च में मदद मिलेगी

रॉकेट के कंपोनेंट समुद्र में सुरक्षित लैंड करने में सक्षम

हाइब्रिड रॉकेट आरएचयूएमआई 1 में इको-फ्रेंडली और कॉस्ट इफेक्टिव मैकेनिज्म है। इसमें सीओ2 ट्रिगर पैराशूट सिस्टम लगा है। इसकी मदद से रॉकेट के कंपोनेंट सुरक्षित समुद्र पर वापस लैंड कर सकते हैं। इससे अंतरिक्ष लॉन्च की लागत कम होगी। रॉकेट के कंपोनेंट्स को आसानी से रिकवर किया जा सकता है। रॉकेट का एयर फ्रेम कार्बन फाइबर, ग्लास फाइबर से बना है।

रॉकेट के साथ अंतरिक्ष में भेजी गईं तीन क्यूब सैटेलाइट्स एटमॉस्फियर कंडीशन जैसे कॉस्मिक रेडिएशन, यूवी रेडिएशन और एयर क्वालिटी की समीक्षा कर सकेंगी। स्पेस जोन वन कंपनी के सीईओ आनंद मेगालिंगम ने कहा कि इस रॉकेट की मदद से रेडिएशन स्तर, वाइब्रेशन और तापमान का डेटा इकट्ठा किया जा सकेगा।

इसरो चीफ बोले- 2027 में लॉन्च होगा चंद्रयान-4

चांद से मिट्टी और चट्टान के नमूने लाएंगे: 2028 में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का काम शुरू होगा

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत 2027 में चंद्रयान-4 की लॉन्चिंग करेगा। यह बात इसरो चीफ डॉ. एस सोमनाथ ने नेशनल स्पेस डे (23 अगस्त) के मौके पर कही। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-4 का डिजाइन फाइनल हो चुका है। मिशन को सरकार से मंजूरी मिलने का इंतजार है। चंद्रयान-4 चांद की सतह से 3-5 किलो मिट्टी और चट्टान के नमूनों को पृथ्वी पर लाएगा। इस स्पेसक्राफ्ट में पांच अलग-अलग मॉड्यूल होंगे। जबकि, 2023 में चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 में प्रोपल्शन मॉड्यूल (इंजन), लैंडर और रोवर तीन मॉड्यूल थे। इसरो चीफ ने यह भी बताया कि इंडियन स्पेस स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाएगा। जिसमें केवल रोबोट्स भेजे जाएंगे। इस स्टेशन में कुल पांच मॉड्यूल बारी-बारी से अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे।

चंद्रयान-4 के 2 मॉड्यूल चांद की सतह पर जाएंगे

चंद्रयान-4 मिशन कई स्टेज में पूरा होगा। चांद की कक्षा में पहुंचने के बाद मुख्य स्पेसक्राफ्ट से 2 मॉड्यूल अलग होकर सतह पर लैंड करेंगे। दोनों ही मॉड्यूल चांद की सतह से नमूने इकट्ठा करेंगे। फिर एक मॉड्यूल चांद की सतह से लॉन्च होगा और चांद की कक्षा में मुख्य स्पेसक्राफ्ट से जुड़ जाएगा। नमूनों को धरती पर वापस आने वाले स्पेसक्राफ्ट में ट्रांसफर करके भेजा जाएगा। इसरो के वैज्ञानिक चांद की सतह से नमूने उठाने वाला रोबोट तैयार कर रहे हैं। गहराई तक ड्रिल करने तकनीक पर काम हो रहा है। नमूने इकट्ठा करने के लिए कंटेनर और डॉकिंग मैकेनिज्म की तकनीक विकसित की जा रही है।

केरल हाईकोर्ट बोला- मुआवजे से किस्त काटने वाले संवेदनहीन : वायनाड लैंडस्लाइड इंसानी लालच पर प्रकृति के बदले का एक उदाहरण

बढ़ता राजस्थान

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल हाईकोर्ट ने वायनाड लैंडस्लाइड के पीड़ितों को मिली मुआवजे की राशि से बैंकों की ईएमआई काटने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने शुक्रवार (23 अगस्त) को कहा कि लोगों में संवेदना खत्म हो चुकी है। हम घटना के मानवीय पहलू से चूक रहे हैं। त्रासदी के पहले हफ्ते में सब रोते हैं। फिर अगले हफ्ते ऐसी हरकतें करते हैं। हाईकोर्ट ने लैंडस्लाइड की घटना पर सरकार को भी फटकार लगाई। जस्टिस एके जयशंकरन नांबियार और जस्टिस श्याम कुमार वीएम की बेंच ने कहा कि वायनाड लैंडस्लाइड इंसानों की उदासीनता और लालच पर प्रकृति की प्रतिक्रिया का एक और उदाहरण है। कोर्ट ने कहा कि त्रासदी के संकेत बहुत पहले दिखाई दिए थे।

केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम को मंजूरी दी

23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा, एम्प्लॉई को अब कोई कॉन्ट्रिब्यूशन नहीं करना होगा

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार न्यू पेंशन स्कीम की जगह अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लेकर आई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार, 24 अगस्त को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट बैठक इसे मंजूरी दी गई। यूपीएस एक अप्रैल 2025 से लागू होगी।

यूपीएस से 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा। कर्मचारियों के पास यूपीएस या एनपीएस में से कोई भी पेंशन स्कीम चुनने का ऑप्शन रहेगा। राज्य सरकार चाहें तो इसे वे भी इसे अपना सकती हैं। अगर राज्य के कर्मचारी शामिल होते हैं, तो करीब 90 लाख कर्मचारियों को इससे फायदा होगा

न्यू पेंशन स्कीम से कैसे अलग है यूपीएस

न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को अपनी बेसिक सैलरी का 10% हिस्सा कॉन्ट्रिब्यूट करना होता है और सरकार 14% देती है। अब यूपीएस में कर्मचारी को कोई भी कॉन्ट्रिब्यूशन नहीं करना होगा। सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की बेसिक सैलरी का 18.5% कॉन्ट्रिब्यूट करेगी। एनपीएस के तहत 2004 से अब तक रिटायर हो चुके और अब से मार्च, 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जो पैसा उन्हें पहले मिल चुका है या वे फंड से निकाल चुके हैं, उससे एडजस्ट करने के बाद भुगतान किया जाएगा। सरकार की तरफ से कॉन्ट्रिब्यूशन 14% से 18.5% बढ़ाए जाने पर पहले साल 6250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। ये खर्च साल दर साल बढ़ता रहेगा।

बैठक में पीएम शामिल हुए

कैबिनेट की मीटिंग के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं के साथ अपने आवास पर बैठक की। कार्मिक मंत्रालय ने इसके संबंध में 21 अगस्त को एक नोटिस जारी किया गया था। बैठक ऐसे समय पर हुई, जब 2 राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पिछले 10 साल में यह पहली बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री और केंद्रीय कर्मचारियों की नेशनल काउंसिल यानी जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी के सदस्य थे। बैठक में ओल्ड पेंशन स्कीम, न्यू पेंशन स्कीम और 8वें वेतन आयोग को लेकर चर्चा हुई।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट पेश करते हुए एनपीएस में सुधार की बात कही थी। वहीं, संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया था कि सरकार ओपीएस बहाली पर कोई विचार नहीं कर रही है।

मोदी शहंशाह वाला मॉडल चाह रहे थे : राहुल गांधी

कहा : हमने संविधान माथे लगवा दिया; देश में हुनर की कोई इज्जत नहीं

बढ़ता राजस्थान

प्रयागराज (एजेंसी)। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मोदीजी राजा, महाराजा, शहंशाह वाला मॉडल चलाना चाह रहे थे। मैंने मोदी जी को संविधान माथे पर लगाने के लिए मजबूर कर दिया। लेकिन, बता दूं कि बीजेपी को मैं अपना गुरु मानता हूं। उन्होंने मुझे क्या करना है, क्या नहीं करना है, सिखाया।

राहुल करीब 40 मिनट बोले। उन्होंने कहा, धोबी, मोची और बढ़ई का देशभर में नेटवर्क है। इनके हाथों में जबरदस्त स्किल और ताकत है। इनसे हाथ मिलने से ही हवा निकल जाती है।

राहुल शनिवार, 24 अगस्त को प्रयागराज पहुंचे और 'संविधान का सम्मान और उसकी रक्षा% कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने, सुल्तानपुर के मोची रामचैत की कहानी सुनाई। बताया कि उनके हाथों में जबरदस्त हुनर है। वे 40 सालों से मोची का काम कर रहे हैं। लेकिन, उनका कोई सम्मान नहीं करता है। राहुल ने कहा, मोदी जी को मैंने सुना आधा घंटा बोले। उनसे मैंने सवाल पूछा। आप आईटीआई में बढ़ई तैयार कर रहे हो। देश में लाखों बढ़ई हैं, उनसे आप क्यों नहीं तैयार करवा रहे हो। आपको नाई तैयार करना है तो यूपी के नाई से बोल दीजिए वो अपने दुकान में नाई की ट्रेनिंग दे देगा। देश मे दस लाख नाई तैयार करने हैं तो देश के नाई को पकड़ो, उससे कहो लो भइया नाई तैयार करो। 6 महीने में लाखों नाई तैयार हो जाएंगे।

एसीबी कार्रवाई के बाद जेडीसी ने लिया बड़ा एक्शन : 7 अधिकारी-कर्मचारियों को किया निलंबित, 11 उपायुक्तों के बदले जोन

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण में एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार शाम तहसीलदार, जेईएन, पटवारी समेत 7 लोगों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इसके बाद जेडीसी मंजू राजपाल ने 7 अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर अपने मूल विभाग में भेज दिया है। वहीं, लंबे समय से तैनात जोन उपायुक्त के कामकाज में भी बदलाव किया है।

इन अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया निलंबित

- गुलाब चंद, उपायुक्त जेडीए सेवा
- लक्ष्मीकांत गुप्ता, नायब तहसीलदार प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग राजस्व मंडल)
- श्रीराम शर्मा, पटवारी प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर)
- खेमराम मीणा, कनिष्ठ अभियंता नगरीय विकास विभाग
- रविकांत शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर)
- रूक्मणी कुमारी , भू अभिलेख निरीक्षक प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर)
- विमला मीणा पटवारी प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर)

(निलंबन काल के दौरान निलंबित किए गए अधिकारी और कर्मचारी अपने पैतृक विभाग में उपस्थिती देंगे।

राजस्थान में उफनते झरने में बहे 5 लोग

सीढ़ियों की रैलिंग पर लटका मिला महिला का शव

बढ़ता राजस्थान

भीनमाल। सुंधामाता तीर्थस्थल में शनिवार सुबह आफत की बरसात हुई। सुबह 7-9 बजे के बीच एक घंटे मूसलाधार बरसात से तीर्थ स्थल पर झरने उफान पर बहे। झरने में बहने से एक डुंगरपुर जिले के महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। उसका शव सीढ़ियों की रैलिंग पर लटका हुआ मिला। जबकि तीन जनों को पुलिस व स्थानीय दुकानदारों ने रेस्क्यु कर सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पर एडीएम दौलतराम चौधरी, डीएसपी अन्नराजसिंह राजपुरोहित, जसवंतपुरा थानाधिकारी प्रतापसिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे।

रेस्क्यू :तीन श्रद्धालु गुजरात रैफर

पुलिस के मुताबिक, पानी में बहने से डुंगरपुर जिले के जटाऊ निवासी लक्ष्मी (45) पत्नी प्रेमचंद आहरी की मौत हो गई। पानी उतरने के बाद महिला का शव तीर्थ स्थल पर आवाजाही की सीढ़ियों की रैलिंग पर लटका मिला। जबकि गुजरात निवासी तीन अन्य श्रद्धालुओं को पुलिस व स्थानीय दुकानदारों रेस्क्यू कर बचाया। यह सभी श्रद्धालु जसवंतपुरा के राजकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद गुजरात रैफर किया। यह सभी श्रद्धालु सुबह दर्शन कर पहाड़ी से उतर रहे थे। इसके अलावा कई दुकानदारों का सामान भी पानी में बहा। दोपहर बाद एसपी ज्ञानचंद यादव भी मौके पर पहुंचे।

एक के लापता की आशंका

एसडीआरएफ टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन -पुलिस के मुताबिक पानी के तेज बहाव के दौरान पांच श्रद्धालु के बहने की संभावना है, जिसमें एक महिला श्रद्धालु का शव मिल गया है। जबकि तीन लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर दिया है। प्रशासन को एक युवक के मिसिंग होने का संदेह होने पर एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम ने चट्टानों के बीच झरने में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कोई नहीं मिला। इसके बाद सर्च ऑपरेशन को बंद किया।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

ईआरसीपी परियोजना से राजस्थान में आएगी जल क्रांति -जल संसाधन मंत्री

ईआरसीपी हमारी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट, मिलेगा पीने और सिंचाई के लिए पानी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शुक्रवार को अजमेर जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में मीडियाकर्मियों के साथ चर्चा की। इस दौरान रावत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) राजस्थान में जल क्रांति लेकर आएगी। इस जल क्रांति के सूत्रधार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा होंगे। इस परियोजना से पीने के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी हमारी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। वर्ष 2017 में भाजपा की तत्कालीन सरकार ने इस योजना पर काम शुरू किया था। ईआरसीपी योजना के माध्यम से पार्वती और काली सिंध के पानी को लिफ्ट करके राजस्थान के जिलों में लाएंगे। हमारी सरकार ने इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए दस्तावेजों पर कार्य किया। इसके पश्चात आगे बढ़ाकर धरातल पर भी कार्य किया। राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच में डीपीआर एमओयू हो चुका है। इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के लिए टेंडर जारी कर कार्यादेश जारी किए गए है। इसका प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शीघ्र ही शिलान्यास किया जाएगा।रावत ने कहा कि चंबल नदी का क्षेत्र एनजीटी के द्वारा संरक्षित घोषित किया गया है। इस कारण इसके जल का अन्य जगह इस्तेमाल नहीं कर सकते है। पार्वती और कालीसिंध के पानी को लिफ्ट करके पूर्वी राजस्थान के लिए पीने और सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने की योजना पर सरकार कार्य कर रही है। मानसून के दौरान पार्वती और काली सिंध सहित चंबल का पानी बहकर समुद्र में चला जाता है। यह पानी व्यर्थ हो जाता है। मानवीय क्रियाकलापों के लिए यह किसी काम का नहीं रहता। इस व्यर्थ बहने वाले पानी को लिफ्ट करके पीने और सिंचाई के लिए उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में वाटर ग्रिड बनाने की घोषणा की है। वाटर ग्रिड राजस्थान में जल क्रांति लाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। राजस्थान को पड़ौसी राज्यों से पानी लाकर राज्य की जल समस्या का स्थाई समाधान किया जागा। ईआरसीपी परियोजना से बांरा, झालावाड़, कोटा, बूंदी, धौलपुर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, अलवर, दौसा, करौली, जयपुर, अजमेर एवं टोंक सहित केकड़ी जैसे नवगठित जिलों को लाभ मिलेगा। यहां पीने के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रथम चरण के अन्तर्गत बीसलपुर लिंक के कार्य का टेंडर कर वर्क आर्डर भी दे दिया गया है। अजमेर जिले में द्वितीय चरण के अन्तर्गत कार्य होंगे। अजमेर के मुख्य बांधों और तालाबों को इस परियोजना से जोड़ा जाएगा।

नकबजनी की वारदात करने वाला चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मालवीय नगर थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच लाख रुपये के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित जयपुर सिटी में सूने मकानों को चिह्नित कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करता है। साथ ही पकड़े जाने के डर से कई सालों से अकेला चोरी की वारदात करता था। अपने साथ किसी को नहीं लेता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी कमल नयन ने बताया कि सूने मकानों को चिह्नित कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित रौनक बैरवा निवासी झालाना कच्ची बस्ती मालवीय नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच लाख रुपये के जेवरात और अन्य सामान जब्त किए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

गोकुलम महोत्सव का आयोजन छब्बीस अगस्त को

षष्टम दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। समरस भारत सेवा संस्थान और नगर निगम ग्रेटर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी के अवसर पर गोकुलम 2024 महोत्सव,दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छब्बीस अगस्त को दोपहर एक बजे वैशाली नगर में रंगोली गार्डन के सामने आयोजित किया जाएगा। समरस भारत सेवा संस्थान के सचिव देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि, इस वर्ष गोकुलम दही हांडी प्रतियोगिता में लगभग पन्द्रह सौ प्रतिभागी (गोविंदा) भाग लेंगे एवं आयोजको सहित लगभग पन्द्रह हजार लोगों के समिलित होने की अपेक्षा है। गौरतलब है कि हिन्दू धर्म का पवित्र जन्माष्टमी उत्सव पूरे भारत वर्ष में धूम-धाम से मनाया जाता है। गोविंद की नगरी जयपुर में भी पिछले कई वर्षों से पारम्परिक रूप से यह उत्सव बाल गोपाल एवं दही हांडी के कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में इस कार्यक्रम की भव्यता एव जनसहभागिता बढी है। यह कार्यक्रम समरस भारत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है

जेकेके में फोटोग्राफी के महाकुंभ

एग्जीबिशन में विंटेज कैमरा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीरें बनीं आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान फोटो फेस्टिवल की सहभागिता में आयोजित इंटरनेशनल नज़र फोटो एग्जीबिशन का तीसरा संस्करण जयपुर वासियों और कला प्रेमियों के बीच खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। एग्जीबिशन में 1890 के दौर के विंटेज कैमरे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीरें लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं, इस दौरान विजिटर्स विंटेज कैमेरे और अपनी पसंदीदा तस्वीरों के साथ सेल्फी भी लेते नजर आए। एग्जीबिशन के दूसरे दिन शनिवार को विधायक गोपाल शर्मा ने एग्जीबिशन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ फोटोग्राफर्स हरिकृष्ण झा, डॉ नरेश पूरी,भगवान दास रुपाणी, फोटो जर्नलिस्ट्स अजय सोलोमन और सुरेंद्र जैन पारस का सम्मान किया। अथितिगणों में आर्टिस्ट विनय शर्मा, वाय के नरूला, सत्येन्द्र सिंह,राम यादव भी मौजूद रहे। एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने एग्जीबिशन के तहत ही जेकेके की ओर से संवाद प्रवाह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फोटोग्राफी के विभिन्न साहित्यिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। जिसमें मुंडावर विधायक ललित यादव और फोटोग्राफर उमेश गोगना ने बच्चों को फोटोग्राफी और कैमरे की बारीकियों के बारे में समझाया। इस सत्र के दौरान बच्चों ने कई रोचक सवाल भी पूछे गए।

उन्होंने आगे कहा कि इस एग्जीबिशन के माध्यम से वरिष्ठ फोटोग्राफर, फोटो जर्नलिस्ट, कला प्रेमियों और नए फोटोग्राफर्स को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया है। एक छत के नीचे उनके द्वारा खींची तस्वीरें डिस्प्ले की जा रही है। जहां एक साथ 650 फोटो का कलेक्शन अपने आप में ऐतिहासिक है। इस फोटो एग्जीबिशन में देश-विदेश के अलग-अलग क्षेत्र के इतिहास, जीवन और प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाया जा रहा है। गौरतलब है कि एग्जीबिशन में राजस्थान से ही नहीं बल्कि देश और विदेश से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

मॉडल स्कूल में बच्चो हर्षोल्लास से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

बढ़ता राजस्थान

निवाई,(का.स.)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में शनिवार को छात्र छात्राओं ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाई.इस अवसर पर्व को लेकर बच्चों ने शिक्षकों के नेतृत्व में कई प्रकार की जीवंत झाकियां सजाई।

भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प माला एवं तिलक लगाकर पूजार्चना के साथ जन्माष्टमी मनाई गई । प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग झांकियां सजाकर द्वारिका जैसे अनेक दृश्य का सृजन किया। जिसको सभी अभिभावक और विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार देखकर हतप्रभ रह गया। साथ ही अनेक नाटको के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दी और उनके चरित्र चित्रण का वर्णन किया गया साथ ही अनेक छात्र छात्रों द्वारा इस जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां देकर सबको भाव विभोर कर दिया । जन्माष्टमी पर नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा अनेक प्रतियोगिताओ एवं प्रदर्शनीयो मे भाग लेकर अपना उत्कृष्ट योगदान दिया । इस अवसर पर उत्सव प्रभारी सुदेश बाई एवं रमेश चंद मीणा , उपप्रधानाचार्य ललित कुमार बेनीवाल, व्याख्याता विनोद कुमार शर्मा, योगेश कुमार शर्मा, कमल सिंह कसाना, विकास गुर्जर, कुंती शर्मा, राजवीर चौधरी एवं जीशान अहमद, हनुमान प्रसाद गुर्जर, मदन मोहन मीणा, सुनीता गुर्जर, आरती तिवारी, सोनू सोनी, दिव्यानी शर्मा, अमित शर्मा आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

एण्डोक्राइन सोसायटी ऑफ़ राजस्थान (राज एसिकॉन) की द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एण्डोक्राइन सोसायटी ऑफ़ राजस्थान की द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 24-25 अगस्त को राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर, झालाना डूँगरी, जयपुर में किया जायेगा । इस कॉन्फ्रेंस में डायबिटीज़, थायरॉइड एवं अन्य हॉर्मोन रोगों के इलाज हेतु अविष्कार की गयी नई तकनीक के सम्बन्ध में देश - विदेश के क़रीब 600 डॉक्टर विचार - विमर्श करेंगे । इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार में शहरी विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा शामिल हुए । कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ प्रकाश केशवानी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में हॉर्मोन से सम्बन्धित रोगों के बारें में लोगों में जो भ्रान्तियाँ हैं उनके बचाव एवं उपचार के सम्बन्ध में गहन चर्चा की जायेगी ।कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेकेट्री, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविधालय के सह आचार्य डॉ संजय सारण ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में क्ष्टह्रष्ठ, मोटापा एवं अन्य महिला हॉर्मोन रोगों के इलाज एवं ग्रोथ हॉर्मोन एवं डायबिटीज़ के उपचार हेतु इंसुलिन पम्प के उपयोग के सम्बन्ध में विचार - विमर्श किया जायेगा । मौके पर दीपक माहेश्वरी प्रिंसिपल एसएमएस मेडिकल कॉलेज, डॉ अनिल भंसाली, डॉ शैलेश लोढ़ा, डॉ एसके सिंह, आदि चिकित्सक मौके पर उपस्थित रहे।

डॉ सारण नें बताया कि भारत में जिस तेज़ी से डायबिटीज़, थायरॉइड, मोटापा एवं अन्य हॉर्मोन रोगों के रोगियों की संख्या बढ़ी है उसका मुख्य कारण असंतुलित आहार, अस्वस्थ जीवन शैली, फ़ास्ट फ़ूड का अधिक उपयोग, नींद कम लेना, एक्सरसाइज़ एवं प्राणायाम का ना करना, तनाव का होना बताया साथ ही इनके बचाव के सम्बन्ध में गहन विचार - विमर्श किया जायेगा । कॉन्फ्रेंस में महिला एवं बच्चों में होनें वाले हॉर्मोन रोगों के कारण एवं इलाज एवं हॉर्मोन से सम्बन्धित रोगों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करनें के तरीक़ों पर अलग से सत्र आयोजित किया जायेगा ।

जन्माष्टमी पर्व : विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल ,सी- स्कीम, जयपुर, में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी से केजी-टू के बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढाई। कक्षा प्रथम से द्वितीय के बच्चों ने माखन चोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का आकर्षण छात्रों द्वारा की गई विविध झाँकियाँ रही, जिस में कृष्ण का जन्मोत्सव, वासुदेव का अभिनय, कालिया नाग अभिनय , सुदामा अभिनय, कृष्ण- राधा रास लीला आदि झांकियों के माध्यम से कृष्ण जीवन लीलाओं से अवगत कराया था।

कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा के बच्चों ने भक्ति गीतों के साथ विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की । कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के द्वारा श्रीकृष्ण की लीलाओं को प्रस्तुत किया। स्कूल चेयरमैन सरदार अजय पाल सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह व प्रधानाचार्य सोनल शर्मा ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवद्गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए और फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए।

प्रदेश में 'शुद्ध आहार—मिलावट पर वार' अभियान का प्रभावी संचालन जारी, विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेश में शुद्ध आहार—मिलावट पर वार अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त श्री इकबाल खान के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम ने शास्त्री नगर स्थित बसंत डेयरी पर छापा मार कर मावा एवं पनीर के नमूने लिए। नमूने लेने के पश्चात लगभग 40 किलोग्राम पनीर के अपशिष्ट एवं मावा को नष्ट करवाया गया। यहां फ्रिज एवं डीप फ्रिज में काफी गंदगी पाई गई। परिसर में अन्य स्थानों पर भी साफ सफाई का अभाव पाया गया। इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत निहित प्रावधानों की पूर्ण पालना नहीं किए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

इसी प्रकार जय सिंह हाईवे पर स्थित सुल्तान हाउस पर भी निरीक्षण किया गया। यहां कीड़े लगी हुई सब्जियां रसोई घर के

फ्रिज में पाई गई। यहां से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

एक्सपायरी ब्रेड के चार पैकेट, चार बोतल सॉस, 4 किलो पत्ता गोभी, हरी मिर्च और मांस नष्ट करवाया गया।

गोताखोरों ने आमेर स्थित मावठे से बच्ची का शव को निकाला

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जोधपुर से जयपुर घुमने आए दम्पति की पांच वर्षीय बच्ची की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद आमेर थाना पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आमेर में स्थित मावठे से बच्ची का शव ढूढ निकाला। थानाधिकारी अंतिम शर्मा के बताए अनुसार मूलता ओडिशा हाल जोधपुर निवासी अनंत मंडल अपनी पत्नी व पांच वर्षीय बच्ची मिष्ठी मंडल के साथ शुक्रवार को जोधपुर से जयपुर घुमने के लिए आए थे। इसी दौरान बच्ची हाथ छुडा कर मावठे की तरफ चली गई। थोड़ी देर बाद परिजनों को जब बच्ची का ख्याल आया तो उसे चारों तरफ ढूढा। लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चला। इस पर अनंत मंडल ने आमेर थाने पहुंच कर बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कराई। आमेर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बच्ची मावठे की तरफ जाती हुई नजर आई। पुलिस ने बच्ची के मावठे में डूबने की आशंका जताते हुए गोताखोरों की मदद से मावठे में छानबीन शुरु की। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शनिवार सुबह मावठे से बच्ची का शव बाहर निकाला। मृतक मिष्ठी के पिता अनंत मंडल एयरफोर्स में सार्जेंट के पद पर कार्यरत है।

विजयवर्गीय वैश्य समाज के राजसेवक परिषद संगम का आयोजन आज, सभी कार्यकर्ताओं को मतदान में सक्रिय भागीदारी के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। विजयवर्गीय वैश्य समाज के राजसेवक परिषद संगम का आयोजन दिनांक 25 अगस्त 2024 को प्रात: 11.00 बजे से 5.00 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकत्रित करना और आगामी चुनाव के लिए तैयारियों की समीक्षा करना है।

डॉक्टर शिव कुमार बुटेरी द्वारा जयपुर के सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है और उन्हें यह निर्देश दिए गए हैं कि वे मतदान के समय से पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहें। सभी कार्यकर्ताओं ने इस निर्देश को स्वीकार कर लिया है और अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी ली है। हमारे सभी सदस्य सुनिश्चित करेंगे कि मतदान सुचारू रूप से संपन्न हो और समय पर सभी प्रक्रिया पूरी हो सके। आपका सहयोग अपेक्षित है।

नशे और मौज-मस्ती के लिए नकबजनी की वारदात करने वाले तीन नकबजन गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे और मौज-मस्ती के लिए नकबजनी की वारदात करने वाले तीन नकबजनों को धर-दबोचा है और उनके पास से बीस एलईडी बरामद की है। जब्त की गई एलईडी की बाजार कीमत दो लाख पांच हजार रुपये आंकी है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे और मौज-मस्ती के लिए नकबजनी की वारदात करने वाले धर्मेन्द्र कुमार यादव मिर्जापुर (यूपी) हाल चित्रकूट जयपुर,सोनू बंजारा निवासी विदिशा (मध्यप्रदेश) हाल करणी विहार जयपुर और इब्राहिम खान निवासी चित्रकूट जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसने पास से दो लाख रुपये से अधिक का चोरी का माल भी बरामद किया है।

अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सांगानेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है और साथ ही उसके पास से 5.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व)कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सांगानेर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले मोहम्मद कफिल निवासी टोंक को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 5.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है।

हॉस्पीटेलिटी क्षेत्र के लिये कारचर कंपनी ने लॉन्च की नयी इनोवेटिव क्लीनिंग मशीनें

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। हॉस्पीटेलिटी क्षेत्र में काम आने वाली क्लिनिंग मशीन निर्माता कंपनी कारचर ने शनिवार को पकाश डायकेम की ओर से होटल रमाडा क्योर में आयोजित एक कार्यक्रम में इस क्षेत्र के लिये नयी इनोवेटिव क्लिनिंग मशीनें लॉन्च की। कार्यक्रम में शहर के हॉस्पीटेलिटी क्षेत्र से जुड़े 100 से अधिक लोग शामिल हुए।

कारचर कंपनी के सीनियर बिजनेस डवलपमेन्ट मेनेजर वरूण हांडा ने बताया कि कंपनी ने प्रिवेन्टिव,डेली,इन्टरिम एंव डीप लेवल पर क्लिनिंग करने की लिये नयी इनोवेटिव मशीनें निर्मित की है। इन मशीनों से मकान, होटल जिसमें कारपेट,कोरिडोर, सीढ़िया,बेंक्वेट सहित अनेक क्षेत्रों को क्लीन करने के लिये बेटरी युक्त स्टीमर एवं ओरबिटल तकनीक युक्त नयी इनोवेटिव मशीनें ईजाद की। उन्होंने बताया कि कंपनी क्लीनिंग कोस्ट कन्ट्रोल करने के लिये पिरियोडिक क्लीनिंग का उपयोग करना होगा। इन मशीनों से कारपेट क्लीनिंग,डीप क्लीनिंग,जिम एरिया सहित अनेक क्षेत्रों को कवर किया जाता है। हांडा ने बताया कि अपनी प्रोपर्टी को लॉन्ग टर्म के लिये मेनटेन करने के लिये डीप क्लीनिंग जरूरी है। ओरबिटल टेक्नोलोजी युक्त मशीन से 95 प्रतिशत पानी एवं 50 प्रतिशत समय की बचत होती है।

कंपनी के सर्विस मेनेजर सरताज ने बताया कि कंपनी अपने सर्विस पार्ट पर बहुत अधिक ध्यान देती है। ग्राहकों की समस्याओं व उनके सुझावों को ध्यान में रखते हुए कंपनी अपने उत्पादों में उनका समावेश करती है। कंपनी ने देश में 15 शाखायें,120 से अधिक सर्विस सेन्टर एवं 186 से अधिक सर्विस पार्टनर टेक्निशियन मौजूद है। उदयपुर के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर प्रदीप गुप्ता ने बताया कि ट्रेवल एण्ड लेज़र मेगजीन ने उदयपुर को पिछले कुछ वर्षो से प्रथम दो स्थान पर रखा हुआ है। विश्व पर्यटन स्थल पर उदयपुर ने अपना एक मुकाम हासिल कर रखा है। इसको इस स्थिति में बनाये रखनें के लिये हाउसकीपर की बहुत बड़ी भूमिका रही है। कोई भी जगह यदि अच्छा पयटन स्थल के रूप में अपना स्थान बनाता है तो वहां की होटल व उसके कर्मचारियों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। होटल व कर्मचरियों को सफाई करने वाली उच्च गुणवत्तायुक्त एवं इनोवेटिव मशीनों को उपयोग में लेना चहिये। प्रकाश डायकेम इस संकल्प पूरा करने के लिये तैयार है। कार्यक्रम में कंपनी द्वारा निर्मित की गई सभी मशीनों का डिस्प्ले किया गया ताकि वहां मौजूद हर व्यक्ति उसका अवलोकन कर सकें। अंत में आभार जोशी ने ज्ञापित किया।

अंता नगर पालिका 3 वार्डो के उप चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों का माला पहनाकर कराया नामांकन दाखिल

बढ़ता राजस्थान

अंता (नि.स.) । अंता नगर कांग्रेस पदाधिकारी कांग्रेस नगर अध्यक्ष ललित गालव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुस्तफ़ा खान, पूर्व पार्षद मोहम्मद इकबाल उर्फ मल्लू भाई, पार्षद संतोष गालव, अब्दुल कदीर अब्बासी, शारिक खान, वसीम खान, ने कांग्रेस प्रत्याशियों को उपखंड कार्यालय गेट पर आबिद हुसैन अंसारी, सना परवीन, चंदू महेश्वरी को माला पहनाकर नामांकन दाखिल कराया गया । अंता नगर पालिका के कांग्रेस के रिक्त पद पर उपचुनाव का ऐलान हो चुका जिसका शनिवार को आख़री दिन तीन वार्डो के 13 नामांकन दाखिल किए गए हैं, ऐसे में निर्वाचन क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उपचुनाव को लेकर अंता की राजनीति परवान पर चढ़ने लगी है। अंता में नगर पालिका के वार्ड 15, 17 व 28 तीन वार्डो के लिए उपचुनाव होने हैं, कांग्रेसी वार्डों के उपचुनाव में जीत की संभावना को लेकर काफी उत्साह है। हालांकि, चुनाव के नतीजे आने तक कुछ भी कहना मुश्किल है। फिर भी, कांग्रेस पार्टी के समर्थकों में जोश और उम्मीद देखी जा रही है क्यों की तीनो कांग्रेसी वार्डो के उप चुनाव हो रहे है तीनों कांग्रेसी पारंपरिक वार्ड माने जाते हैं । कांग्रेस कार्यकर्ता उपचुनाव में जुटे हुए हैं और पार्टी की जीत के लिए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मिलकर नामांकन दाखिल करने के साथ ही चुनाव

प्रचार में जुटे हैं । इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व पार्षद मनोज त्यागी, हीरालाल मेघवाल, घनश्याम गौतम, हरीश भंडारी, विनोद मेहरा, लक्ष्मण सुमन, संदीप शर्मा, मुर्तुजा अंसारी, दीपक गालव मोहसिन खान, पंचायत समिति सदस्य गजेंद्र सुमन, मनमोहन मीणा, कन्हैया पंकज, आदि मौजूद रहे।

मनुष्य अकेला जन्म लेता, अकेला मरता लेकिन अकेला जीवन जी नहीं सकता: संयमज्योति

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जा रहे चातर्मास में समता मूर्ति साध्वी जयप्रभा की सुशिष्या साध्वी डॉ. संयम ज्योति ने कहा कि व्यक्ति अकेला जन्मता है अकेला मरता है परंतु जिन्दगी अकेला जी नही सकता। एक अंग्रेज विद्वान ने कहा- ह्यूमन नीड्स आर सम फ़ूड, सम फन एन्ड सम वन अर्थात कुछ भोजन सामग्री, कुछ हास्य विनोद और एक साथी व्यक्ति की आवश्यकता है। साधी ने कहा कि शांति से सहवास के लिये सामन्जस्य की चेतना आवश्यक है। दो व्यक्ति की भी प्रकृति, रुचि और आदत समान नही होती परंतु जहाँ व्यक्तियों में सामन्जस्य की चेतना जागृत हो गयी कहाँ सामुदायिक जीवन में भी शांति से सहवास किया जा सकता है।

साध्वी ने कहा कि अहंकार और ममकार ही संबंधों में टूटन, बिखराव और घुटन पैदा करते है। रिश्ते रिसते हुए घाव नही हो, परिवार में स्नेह और सौहार्द का विकास हो इसकि इसके लिए अहंकार और ममकार की चेतना को विसर्जित करना आवश्यक है और विनम्रता और सहिष्णुता की चेतना को जाग्रत करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जैसे गरीबी भयंकर समस्या है वही सर्व क्षेत्रों में असहिष्णुता भयंकर समस्या है। असहिष्णुता से ही संवेदना शून्य हो रही है। उसका दुष्परिणाम व्यक्ति को परिवार को समाज को भुगतना पड़ रहा है। प्रारंभ से ही सहिष्णुता की ट्रेनिंग दी जाए तो सामन्जस्य की चेतना जागृत हो सकती है।

अपना घर में किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। जवाजा स्थित स्वर्गीय सत्यनारायण गोयल अपना घर में शनिवार को पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। उपस्थित सहभागियों को पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधारोपण के महत्व के बारे में भी बताया गया। अपना घर संचालक मगरा मेवाड़ विकास संस्था के मुख्य कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रमेश आचार्य, सरला अग्रवाल, अहमदाबाद से आये अतिथि हिमांशु शाह, अपना घर के निवासी मनोज, मोहन सिंह, कलातखेड़ा के हुकुम सिंह एवं 6 स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया और सभी ने अपने अपने नाम पर एक एक पौधे को जीवित रखने के प्रति सभी कार्य करने का संकल्प लिया।

हैप्पी होम स्कूल के 50 वें स्थापना दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगितायें

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। हैप्पी होम स्कूल उदयपुर के प्रतापनगर एवं पुरोहितान की मादड़ी शाखा में 50वें स्थापना दिवस (स्वर्ण जयंती वर्ष) के उपलक्ष में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें प्रमुख वाद विवाद, निबंध, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, हिंदी व अंग्रेजी लेखन, कुर्सी रेस रहे। विद्यालय में सांस्कृतिक प्रस्तुति में अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुषमा अरोड़ा एवं शिक्षिकाओं के डांस प्रस्तुति का छात्रों ने भरपूर आनंद लिया। छात्रों द्वारा आकर्षक नृत्य गीत आदि का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. जगदीश अरोड़ा द्वारा समस्त स्टाफ का अभिवादन किया गया। साथ ही एकेडमिक डायरेक्टर द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के सत्र पर्यंत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन कविता अहीर एवं संपत कुंवर द्वारा किया गया। इसके साथ ही जन्माष्टमी का पर्व भी हर्षोल्लास से मनाया गया।

अणुव्रत क्रिएटिविटी कांटेस्ट 2023 का पारितोषिक वितरण

सरदारशहर (नि.स.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भादासर दिखनादा मे अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2023 का पारितोषिक वितरण संयोजक सुशील निर्वाण के सानिध्य में किया गया।एसीसी संयोजक सुशील निर्वाण ने बताया कि अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी संयुक्त राष्ट्र से संबंध एक वैश्विक सस्थान है जो देश विदेश के विद्यार्थियों में रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से मानवीय मूल्यों को विकसित एवम संवर्धन करने का कार्य कर रहा है इसी के तहत गत वर्ष की प्रतियोगिता मुख्य विषय असली आज़ादी अपनाओ अंतर्गत एकल तथा समूह गायन,कविता,भाषण,निबंध एवम चित्रकला का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय स्तर तथा जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया गया। जिला एवम विद्यालय स्तर पर शानदार उपलब्धि पर अनुविभा द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ अप्रिशिएशन प्रदत किया गया। उक्त कार्यक्रम में पारितोषिक वितरण सुनीता सैनी ,सुशील निर्वाण,दयाचंद बडगुजर,सुनीता अग्रवाल,सुमन पूनिया,सुशीला ,प्रियंका महरिया आदि द्वारा प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विधालय के समस्त विद्यार्थी में प्रतियोगिता की भावना का विकास हुआ एवम आगामी प्रतियोगिता में भाग लेने का संकल्प दोहराया।

अफीम तस्कर पूनमचंद गिरफ्तार-91.40 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त

जयपुर (का.स.)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक अफीम तस्कर पूनमचंद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम 91.40 ग्राम बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत करधनी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अफीम तस्कर पूनम चन्द मीणा निवासी नेछवा जिला सीकर हाल कालवाड रोड थाना करधनी जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध मादक पदार्थ अफीम 91.40 ग्राम जब्त की है।

एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति में जुट जाएं विद्यार्थी

दादाबाड़ी में स्मॉल वंडर चिल्ड्रेन एकेडमी के वार्षिकोत्सव में प्रतिभावान विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश शर्मा)। शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान स्मॉल वंडर चिल्ड्रेन एकेडमी का वार्षिकोत्सव शनिवार शाम दादाबाड़ी में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत-सम्मानित किया गया। स्कूल के बालक-बालिकाओं ने जोरदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर देखने वालों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रेल्वे सलाहकार समिति के सदस्य बनवारी लाल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे बेहतर परीक्षा परिणाम देने के साथ-साथ अपने संस्कारों को कभी नहीं भूलें। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा हर क्षेत्रा में दुनिया का मार्गदर्शन किया है और भारतीय प्रतिभाओं ने पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। विद्यार्थी अपने भारतीय संस्कारों को साथ लेकर चलें और एक बेहतर नागरिक बनकर देश व समाज की सेवा करें।

एकेडमी के निदेशक सचिन शर्मा ने संस्था की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए अभिभावकों को आश्वस्त किया कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता और सफल व्यक्तित्व के लिए जरूरी टिप्स दिए। इससे पूर्व अतिथियों ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश और सरस्वती वंदना के साथ विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया। बालक-बालिकाओं ने स्वागत गीत के बाद 'महाभारत गीत', 'सपने रे सपने रे', 'घनन घन घिर', 'राधा कैसे न जले','चंदा चमके...', 'टुकुर टुकुर', 'जय हो' 'घूमर' सहित अनेक देशभक्ति और लोकरंग से भरपूर प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने दिल जीत लिया।

संस्था के निदेशक सचिन शर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव के दौरान दसवीं बोर्ड स्कूल टॉपर रश्मि सहित संस्था की ओर से विभिन्न परीक्षाओं, गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ-साथ संस्था के चैयरमैन डॉ सुशील शर्मा की स्मृति में 10 मई को आयोजित टैलेंट सर्च कम्पीटिशन में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। विजयनगर रोड स्थित बीएल सोनी इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने सुंदर रंगों व फूलों से रंगोली बनाकर राधा कृष्ण का सुंदर दरबार सजाया गया। विद्यालय के बालक बालिकाओं ने राधा कृष्ण के रूप धरे। बच्चों ने नंद के आनंद भयो, जो है अलबेला मद नैनो वाला, कान्हा है मुरली वाला आदि गीतों पर नृत्य करते हुए प्रस्तुति दी। इस अवसर पर माखन चोर मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। संस्था संस्थापक मुकेश सोनी द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बेस्ट कन्हैया में प्रथम स्थान नवीन सिंह ने प्राप्त किया, बेस्ट राधा में प्रथम स्थान मान्या यादव रही। इस अवसर पर संस्था प्रधान प्रियंका जैन, इंदिरा सोनी, गिरीश सोनी, योगिता सोनी, तनीषा साहू, गर्व सोनी, कुणाल नायक, जानवी लोहार, निशा सिंह, लव्या सिंह, महिमा सिंह, तनिष्का यादव आदि उपस्थित रहे।

आसीन्द-बदनौर क्षेत्र में विद्युत तारों व ट्रांसफार्मर चोरों का आतंक, 5 गिरफ्तार, पुलिस व विद्युत विभाग के अधिकारी बरत रहे है अपने कार्य में कोताही

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। ब्यावर व भीलवाडा जिले में विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर और एल्युमिनियम व तांबे के तार चोरो का गिरोह पूरी तरह से सक्रिय हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों को सबकुछ जानकारी होने के बावजूद सम्बन्धित थानों मे मुकदमा दर्ज कराने से कतराते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं पुलिस विभाग भी इन चोरों से सांठ-गाठ कर चोरी की तह तक जाने के बजाय मामले को पहले ही रफा दफा कर देते हैं। हाल ही में ब्यावर जिले के बदनौर थानान्तर्गत ग्राम मोठी चोराहे से कुछ तथाकथित चोरों ने विद्युत तारों को चुराकर एक कबाडी को बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस मामले मे भी जहां एक ओर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने लापरवाही बरती वहीं दूसरी ओर पुलिस विभाग ने भी मामले को बजाय संगीन मानते हुये उसे सामान्य मानकर मामल दर्ज कर बजाय उसकी तह मे जाने के पोरी पोरी तौर से ही जांच करने की कार्यवाही आरम्भ कर दी।

जानकारी के अनुसार शनिवार को ब्यावर जिले की सीमा से लगते हुए भीलवाडा जिले के रायपुर थाना क्षेत्र में बिजली ट्रांसफार्मर की चोरी की वारदातो को अनजाम देने वाले 5 सदस्यी टीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से एक डीपी व लगभग 98 किलों से अधिक मात्रा के तांबे के तार बरामद किये हैं। घटना को अंजाम देने के लिये काम में ली गयी पिकअप आर जे 30 जी बी 1814 को भी जब्त कर लिया हैं।

रायपुर थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि रामलाल सोनी नाम के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट पेश की जिसमें भगवती माइन्स पर लगी बिजली डीपी (ट्रांसफार्मर) 315 केवीए से कॉपर व बॉक्स चोरी हो गये हैं। इस पर तत्परता दिखाते हुए रायपुर थाने के थानाधिकारी ने राजसमन्द निवासी प्रवीण नाथ पुत्र भैरूनाथ (21), दीप सिंह पुत्र दल्ला सिंह रावत (23) , गोपाल नाथ पुत्र उदयनाथ (23), गोवर्धन नाथ पुत्र सुगनानाथ (35), गोवर्धन पुत्र मोहन नाथ (35) को गिरफ्तार कर लिया हैं।

दिलचस्प बात तो यह है कि बदनौन थानान्तर्गत ग्राम मोठी चोराहे से चोरी गये

5.5 किमी. के एल्युमिनियम मे से अभी तक कितने बरामद हुये और शेष अभी कहां है यह ना तो पुलिस विभाग के जांच अधिकारी अपनी रूचि लेकर इसको बरामद करने में लगे है और ना ही विद्युत विभाग के अधिकारी इस मामले पर निगरानी बनाकर रखे है कि आखिर क्षेत्र में ऐसी चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला कौन हैं।

दोनो ही विभाग के अधिकारी एक दूसरे पर लापरवाही का ठीकरा फोडते हुए नजर आ रहे हैं। सबसे गम्भीर बात तो यह है कि बदनौर थाने के थानाधिकारी अपने आप को तीस मार खां समझते नजर आ रहे हैं। और इस मामले में कही न कही कोताही भी बरत रहे हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत मोरला पं. सं. मालपुरा (टोंक)

क्रमांक : निविदा/2024-25/ग्रापंमो/23 दिनांक 23/08/2024

निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय पंचायत समिति मालपुरा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मोरला के द्वारा सड़कों, गलियो एवम् नाले-नालियों की साफ-सफाई एवं कचरा निस्तारण कार्य एवं मृत पशुओं को उठाने का कार्य हेतु अंशकालीन (पार्ट टाईम) बेसीस पर मानव संसाधन की दर अनुबंध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु मोहरबंद निविदा पद्धति से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। संवेदक निविदा से संबंधित विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

NIB CODE : ZTN2425A0271
UBN CODE : ZTN2425SSRC00352

सरपंच

ग्राम पंचायत मोरला

सम्पादकीय

आंदोलन के समांतर, डॉक्टरों की हड़ताल से पैदा हुई समस्या का कौन करेगा समाधान

कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की घटना ने सभी संवेदनशील लोगों के भीतर दुख और आक्रोश भर दिया है। यह बेवजह नहीं है कि बड़ी तादाद में लोगों ने इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने से लेकर महिलाओं के खिलाफ अपराध पर काबू पाने के लिए एक कारगर व्यवस्था बनाने के लिए आवाज उठाई है। इसी के तहत कई राज्यों में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने हड़ताल कर दी, जिससे वहां कामकाज बाधित हुआ। चिकित्सकों के दुख और गुस्से से किसी को भी असहमति नहीं हो सकती और इस मुद्दे पर उनकी मांग वाजिब है।

विडंबना यह है कि हड़ताल से उन मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जो मजबूरी में इलाज कराने वहां पहुंचते हैं। कोलकाता की घटना पर दुख के समांतर पिछले कुछ दिनों से यह सवाल भी चिंता की वजह बन रहा था कि चिकित्सकों की हड़ताल की वजह से जो समस्या खड़ी हो रही है, उसका समाधान क्या हो। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर सुनवाई के दौरान चिकित्सकों की सुरक्षा और संरक्षण को सर्वोच्च राष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने की अपील की और कहा कि चिकित्सकों के काम से दूर रहने से समाज के उन वर्गों पर असर पड़ता है, जिन्हें चिकित्सीय देखभाल की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि न्याय और चिकित्सा को रोका नहीं जा सकता। हड़ताल की वजह से खासतौर पर गरीब तबकों से आने वाले मरीजों को हो रही दिक्कतों का अंदाजा भर लगाया जा सकता है। ऐसे तमाम लोग होते हैं, जो किसी बीमारी के इलाज के क्रम में अस्पतालों में दो-दो वर्ष पहले समय लेते हैं और बहुत मुश्किल से उन्हें किसी चिकित्सक से इलाज या आपरेशन कराने का मौका मिल पाता है। ऐसे में अगर सिर्फ हड़ताल की वजह से उन्हें यह कहा जाए कि आपका इलाज नहीं हो सकता, तो इसे कैसे देखा जाएगा।

दूसरी ओर, सरकारी अस्पतालों में हड़ताल की वजह से अगर कोई मरीज मजबूरी में निजी अस्पतालों या क्लीनिकों में इलाज के लिए पहुंचता है तो वहां उसे आर्थिक खर्च की किस कसौटी को पूरा करना पड़ता है, यह छिपा नहीं है। निश्चित रूप से एक बेहद तकलीफदेह घटना पर चिकित्सकों का आंदोलित होना और प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है। इस आंदोलन को समाज के सभी संवेदनशील लोगों का समर्थन मिला है। मगर इसकी वजह से सरकारी अस्पतालों के कामकाज में जिस स्तर की मुश्किल पेश आई है, वह भी चिंताजनक है। यों सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद दिल्ली में एम्स और राममनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल खत्म करने और ड्यूटी पर जाने की घोषणा कर दी, मगर कुछ राज्यों में अभी भी अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हैं। गौरतलब है कि चिकित्सकों की शिकायतों को सुनने के लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है। वहीं सीबीआई ने अपनी स्थिति रपट में जिस तरह की लापरवाहियों और सबूतों से छेड़छाड़ की ओर संकेत किया है।

मजबूर पाकिस्तान कर्ज पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है!

पाकिस्तान के सामने एक बार फिर से भीख मांगने की नौबत आ गाई है। इस बार उसने पश्चिम एशियाई बैंकों से 4 बिलियन का कर्ज मांगा है। गुरुवार को वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और उनकी टीम ने दुबई इस्लामिक बैंक के ग्रुप सीईओ डॉ. अदनान चिलवान के साथ एक वर्चुअल बैठक की। पाकिस्तान, जो गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, ने यह कर्ज अपने मौजूदा वित्तीय वर्ष के बाहरी वित्तीय दायित्वों को पूरा करने के लिए मांगा है।

अशोक भाटिया।

माना जा रहा है कि पाकिस्तान अब पूरा विदेशी कर्ज पर ही चल रहा है व कर्ज पाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है । इसका सबूत है पाकिस्तान पहुंचीं जर्मनी की संघीय विकास मंत्री स्वेंजा शुल्ज़े ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक करने से मना करना । हालांकि बाद में उनको मनाया गया और उन्होंने बैठक में भाग लिया। ताज़ा घटना के अनुसार जर्मनी की संघीय विकास मंत्री स्वेंजा शुल्ज़े बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आवास पर अपने अधिकारियों के साथ पहुंची थीं। इस दौरान वहां पर मौजूद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें चेकिंग के लिए रोका और उनको बैग अंदर ले जाने के लिए मना कर दिया।

मंत्री स्वेंजा शुल्ज़े और उनके अधिकारियों को ये बात पसंद नहीं आई और वो वापस अपनी कार की तरफ जाने लगे। ये देख वहां मौजूद पाकिस्तान अधिकारियों के होश उड़ गए और उन्होंने किसी तरह से जर्मनी की संघीय विकास मंत्री को मनाया और बैग के साथ बैठक में जाने की अनुमति दे दी। हाल में सामने आये वायरल वीडियो में पीएम हाउस के प्रवेश द्वार से पहले सुरक्षा जांच के दौरान मंत्री स्वेंजा शुल्ज़े से कहा गया कि वे अपना बैग चेक करवा लें और उसे वहीं छोड़ दें। मंत्री ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और विरोध किया। सपर सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि कि यह प्रोटोकॉल है। ये बात मंत्री स्वेंजा शुल्ज़े को पसंद नहीं आई और वो अपनी कारों की ओर बढ़ने लगी। इस दौरान उनके साथ आए एक अधिकारी ने कहा कि ठीक है, धन्यवाद। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने बैग चेक के अनुरोध को छोड़ना दिया और मंत्री को बैग के साथ बैठक में जाने की अनुमति दे दी। इसके बाद उन्होंने पीएम के साथ बैठक में हिस्सा रहा और बैठक के दौरान उनका बैग भी मौजूद रहा।सोशल मीडिया पर यूजर इसे पाकिस्तान बेइज्जती करार दे रहे हैं और पाकिस्तान की मेहमाननवाजी पर सवाल उठा रहे हैं। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा कि अगर ये बैठक रद्द हो जाती तो पाकिस्तान के कटोरा खाली रह जाता इसके अलावा पाकिस्तान ने फिर 4 बिलियन का कर्ज पश्चिम एशियाई बैंकों से भी माँगा है। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान को सऊदी अरब, चीन और संयुक्त अरब अमीरात से 12 बिलियन की अतिरिक्त वित्तीय सहायता और नकद जमा नहीं मिल पाया। इस वजह से ढ्ढरूस्न ने इस सप्ताह 7 बिलियन के विस्तारित निधि सुविधा (श्वस्नस्न) की मंजूरी को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया। ढ्ढरूस्न से मदद न मिलने के कारण पाकिस्तान को पश्चिम एशियाई बैंकों से कर्ज लेना पड़ रहा है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और उनकी टीम ने गुरुवार को दुबई इस्लामिक बैंक के ग्रुप सीईओ डॉ. अदनान चिलवान के साथ वर्चुअल बैठक की। इससे पहले बुधवार को उन्होंने मशरेक बैंक के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ अहमद अब्देलाल से भी बात की थी। पाकिस्तान इस समय पश्चिम एशियाई बैंकों से कर्ज लेकर अपने बाहरी वित्तीय दायित्वों को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान पहले ही कई देशों से भारी कर्ज ले चुका है। इसमें चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और IMF शामिल हैं। चीन से पाकिस्तान ने लगभग 30 बिलियन का कर्ज लिया है, जबकि सऊदी अरब और यूएई से भी अरबों डॉलर का कर्ज लिया गया है। इसके बावजूद, पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। पाकिस्तान में आर्थिक संकट के साथ-साथ महंगाई भी तेजी से बढ़ रही है। आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। खाने-पीने की चीजों से लेकर ईंधन और गैस के दाम भी आम जनता की पहुंच से बाहर हो गए हैं। महंगाई की इस मार ने आम जनता की जिंदगी को और भी कठिन बना दिया है। इस स्थिति में पाकिस्तान की सरकार के पास विदेशों से कर्ज लेने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। दहशत और मजहब की नींव पड़ा खड़ा पाकिस्तान अब कंगाली के DEAD END पर पहुंच चुका है। दुनिया भर में दहशतगर्दों की सप्लाई करने वाले जिन्नालैंड का खाता अब कुछ ही दिनों में फ्रीज होने वाला है। ड्रैगन की भीख और IMF के कर्ज को पहिया बनाकर जो पाकिस्तान अब तक अपने दाना पानी का इंतजाम कर रहा था। अब उस पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। आर्थिक तंगी से परेशान पाकिस्तान की अब आखिरी उम्मीद भी खत्म हो चुकी है। IMF ने अब पाकिस्तान से ना सिर्फ खर्चे का हिसाब मांगा है बल्कि कटोरा लेकर आर्थिक मदद मांगने आए पाकिस्तान के लिए अपना दरवाजा बंद कर दिया है। पाकिस्तान अब तक IMF से 6.28 अरब डॉलर का कर्ज ले चुका है। 4 महीने पहले ही IMF ने पाकिस्तान को 9 हजार करोड़ रुपए का कर्ज दिया था। उस वक्त शहबाज शरीफ ने कहा था कि इन पैसों से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था सुधरेगी। लेकिन हर बार की तरह ये मदद भी आतंकियों और दहशतगर्दों पर खर्च कर दी गई। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पश्चिम एशियाई बैंक पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए तैयार होते हैं या नहीं। पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक स्थिति और IMF से बात न बन पाने के बाद, यह सवाल और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। अगर पाकिस्तान को कर्ज मिल भी जाता है, तो क्या वह अपने आर्थिक संकट को दूर कर पाएगा? इस सवाल का जवाब आने वाले समय में मिलेगा। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान अपने एक्टरनल फाइनेंसिंग गैप को कवर करने के लिए पश्चिम एशियाई बैंकों से कामर्शियल लोन मांगना शुरू कर दिया है। यह कदम आईएमएफ द्वारा इस सप्ताह 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ईएफएफ को मंजूरी देने में इंनडिफिनिटली डिले की घोषणा के बाद उठा है। दरअसल, सऊदी अरब, चीन और यूएई से 12 बिलियन अमेरिकी डॉलर की नकद जमा राशि पाने के लिए पाकिस्तान दो अरब डॉलर की एडिशनल फइनेंसिंग या रोलओवर सिक्योर नहीं कर सका था। यदि पश्चिम एशियाई बैंकों से यह लोन मिल जाता है तो पाकिस्तान को अगले महीने आईएमएफ से नए ईएफएफ की मंजूरी मिल सकती है।पाकिस्तान ने विदेशी वाणिज्यिक बैंकों के साथ जुड़ने के अपने प्रयास भले ही बढ़ा दिए हैं, लेकिन ऊंची फाइनेंसिंग कॉस्ट और कम क्रेडिट रेटिंग उसके राह की बड़ी चुनौतियां हैं। इस समय पाकिस्तान की क्रेडिट रेटिंग CCC+ है जो कि इंवेस्टमेंट ग्रेड से नीचे की रेटिंग है। इसी वजह उसे लोन देने के लिए फाइनेंसियल बैंक ज्यादा ब्याज की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान में पाकिस्तान में पेट्रोल डीजल की कीमतें 300 रुपए तक पहुंच गई है। बैंकों के पास पैसे नहीं है, जिसकी वजह से लोगों को लोन नहीं मिल पा रहा है। चावल जैसी खाने की चीजों की कीमत 400 रुपए किलो पहुंच गई है। पाकिस्तान में लोगों के पास फ्लाइट तो दूर ट्रेनों में सफर करने लायक पैसा नहीं है। तंगहाली से जूझ रहा पाकिस्तान अब गधों की मदद से अपनी इकोनॉमी बूस्ट करने में लगा है। पाकिस्तान के आर्थिक सर्वे में कहा गया है कि देश में गधों की संख्या एक साल में 1.72% से बढ़कर 59 लाख हो गई है। पाकिस्तान हर साल चीन को औसतन 5 लाख गधे निर्यात करता है। पाकिस्तान सरकार ने पिछले साल कहा था कि गधों की बिक्री से फॉरेन रिजर्व जुटाए जाएंगे।इस बात में कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान अब एक मुल्क नहीं बल्कि आतंकी तैयार करने की फैक्ट्री बन चुका है। यही वजह है कि पाकिस्तान की आर्थिक व्यवस्था दिन ब दिन बद से बदतर होती जा रही है। पाकिस्तान की गिनती अब केवल कर्ज लेने वाले देशों में होने लगी है। ऐसे में ये सवाल उठता है पाकिस्तान अपना कर्ज नहीं चुका पाया तो क्या होगा।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

वृष
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

मिथुन
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

कर्क
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा। आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे।

सिंह
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

कन्या
आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे। इससे आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। छोटे प्रवास का योग है।

तुला
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

वृश्चिक
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

धनु
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

मकर
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

कुंभ
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

मीन
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा।

शख्सियत

'जिंदगी जिंदादिली का नाम है, मुर्दादिल क्या ख़ाक जिया करते हैं..गिरते हैं शहसवार ही मैदान ए जंग में वो क्या खाक गिरेंगे जो घुटनो के बल चला करते हैं'

नमस्कार मित्रों हमारी आज शख्सियत कॉलम के जांबाज स्टार हैं राजस्थान पुलिस के जांबाज डिप्टी एसपी अजय यादव। तीर खाने की हवस है तो जिगर पैदा कर -सरफरोशी की तमन्ना है तो सर पैदा कर। इस बात को चरितार्थ करते हैं खाकी के जांबाज डीएडपी शेर अजय यादव। इनका जन्म 13 सितबर 1973 को गांव सागा तहसील,बुहाना जिला झुंझुनू में हुआ। एजुकेशन झुंझुनूं में ही हुई। खाकी का शौक जिगर में दौड़ता रहता था सो 1996 में राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन हो गया। बेसिक ट्रेनिंग जिला दौसा में हुई। 1998 में पहली पोस्टिंग थाना नांगल राजावतान जिला दौसा तथा बाद में थाना मंडावर, महुआ में थाना अधिकारी के पद पर रहे। तत्पश्चात थाना खेरली, अरावली विहार,रामगढ़ में थाना अधिकारी के पद पर रहे। सरकार ने इनका ट्रांसफर धौलपुर में कर दिया जहां जिला तत्कालीन एसपी राहुल प्रकाश ने इन्हें धौलपुर का सबसे खतरनाक इलाका बाड़ी का भार सौंपा। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक राहुल प्रकाश के साथ मिलकर एनकाउंटर टीम के मुखिया के रूप में बेहतरीन भूमिका निभाते हुए अनेक बदमाशों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। उसके बाद धौलपुर कोतवाल व सदर थानाध्यक्ष लगे। सरकार ने भरतपुर जिले में बढ़ते हुए अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इन्हें डीग थाना अधिकारी लगाया जहां इन्होंने फिल्मी अंदाज में बदमाशों के छक्के छुड़ाए, रात 8 बजे बाद इलाके से बदमाश गायब हो जाते थे, डीग थाने के पुलिसकर्मियों में खाकी के प्रति जोश और जज्बा भरने के लिए इन्हें आज भी याद किया जाता है डीग इलाके से बदमाशो का पलायन इनके अद्भुत ख़ौफ़ के चलते हुआ । थाना सेवर जिला भरतपुर में थाना अधिकारी के पद पर रहे। फिर से जिला अलवर में थाना तिजारा ,ट्रैफिक पुलिस, थाना सदर जिला अलवर में सेवाएं दी। थाना कोतवाली जिला दौसा में थाना अधिकारी के पद पर रहे, केंद्रीय कारागृह अलवर में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, आबकारी विभाग अलवर में डीएसपी, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर में डीएसपी के पद पर कार्यरत रहे। 2008 से 2010 तक राजस्थान पुलिस इंटेलिजेंस में बहरोड यूनिट का पदभार की भी जिम्मेदारी निभाई। इस समय आपकारी विभाग में डिप्टी एसपी पद दौसा को सुशोभित कर रहे हैं दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे जांबाज पुलिस अधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

अजय यादव
(डिप्टी एसपी)

जय हिंद

आज का इतिहास

25 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सुल्तान फिरोजशाह तुगलक तृतीय की ताजपोशी 1351 में की।
- टोटनबर्ग के युद्ध में रूस ने 1916 में जर्मनी को पराजित किया।
- ब्रिटिश इंडिया आर्मी में सेवाएं दे रहे 7 भारतीयों को 1917 में पहली बार किंग्स कमीशन मिला।
- लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया सोवियत संघ में 1940 को शामिल हुए।
- भारतीय पोलो टीम ने 1957 में विश्व कप जीता।
- सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन के सोलह विरोधियों को 1963 में फाँसी पर चढ़ा दिया गया।
- भारत पोलो विश्व विजेता 1975 में बना।
- सर एडमंड हिलेरी का सागर से हिमालय अभियान हल्दिया बंदरगाह से 1977 को शुरु हुआ।
- जिम्बाब्वे संयुक्त राष्ट्र में 1980 को शामिल हुआ।
- ईरान और इराक के बीच 1988 में युद्ध के बाद सीधी बातचीत का दौर शुरू।
- सोवियत संघ से अलग होकर 1991 में स्वतंत्र देश बना।
- ब्रिटिश अखबार ने 1992 में राजकुमारी डायना की बातचीत का ब्योरा जारी किया, इसमें उन्होंने प्रिंस से शादी पर नाखुशी जाहिर की थी।
- मासूमा, इब्तेकार ईरान की पहली महिला उपराष्ट्रपति 1997 में नियुक्त।
- लंदन में आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेनवार्न टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 2001 को 400 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले स्पिन गेंदबाज बने।
- मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया और मुंबी देवी मंदिर के पास 2003 को हुए कार बम विस्फोट में 50 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई तथा 150 से अधिक घायल हो गए।
- मध्य प्रदेश सरकार ने 2008 में वर्ष 2008-09 के लिए सरकारी स्कूलों के सभी छात्रों को बीमा करने का अनुरोधन किया।
- श्रीलंका की सरकार ने 2011 को देश में घोषित आपातकाल को 30 वर्ष बाद वापस लिया।
- वोयेजर 1 सौरमंडल से बाहर अंतरिक्ष में दाखिल होने वाला पहला मानवनिर्मित यान 2012 में बना था।

25 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- एक पाकिस्तानी गणितज्ञ, तर्कज्ञ, राजनीतिक सिद्धांतवादी, इस्लामी विद्वान और खाकसार आंदोलन के संस्थापक अल्लामा मशरिकी का निधन 1888 में हुआ।
- पाँचवीं लोकसभा के सदस्य बाबूराव काले का जन्म 1926 को हुआ था।
- ग्यारहवीं लोकसभा की सदस्य लुईस इस्लेरी का जन्म 1948 को हुआ था।
- अभिनेता एवं नेता विजयकान्त का जन्म 25 अगस्त 1952 को हुआ था।

विशेष आलेख

शर्मसार करती राजनीतिक दलीलें

संजीव ठाकुर

क्या हम कहीं खो गए या हम सो गए हैं या नपुंसकता की हद तक हम मजबूर हो गए। इंटरनेट और फिल्मों में स्त्री की निवस्त्र देह देख कर आदमी पासविक होकर मां,बहन और बेटियों को केवल औरत समझकर पूरी हैवानियत के साथ उससे दुराचार बलात्कार करने में जुट जाता है बात जब तक सतह पर आती है तब तक देश के अलग-अलग राजनीतिक दल अपनी सड़ी गली दलीलें देकर कभी डीएनए टेस्ट तो कभी अंतरंग बातें सामने लाने की बात करतें है। अब प्रश्न यह उठता है कि इन राजनीतिक नेताओं, बाहुबलियों और धनी समाज के कर्ताधर्ताओं और बड़े ब्यूरोक्रेट्स की बहन बेटियों के साथ बलात्कार होगा तब जाकर शासन प्रशासन की नींद जागेगा और न्याय मिलेगा ? राजनीतिक दल अपनी सत्ता की कुर्सी,अपनी चमड़ी बचाने के चक्कर में स्त्री देह का का परीक्षण करने न्यायालय से मांग करते हैं क्या यही मांग अपनी बहन बेटियों के साथ हुए बलात्कार के साथ भी कर सकते हैं? न्याय महंगा तथा इतना समयापेक्षी हो गया है कि कि अपराधी जमानत में छूट कर फिर से कई दुराचार, बलात्कार और अनाचार कर चुका होता है और उसे सबूत मिटाने के लिए पूरा समय,धन और राजनीतिक लाभ मिल जाता है। 9 अगस्त को कोलकाता के आर जी हॉस्पिटल में डॉक्टर मौमिता के साथ हुए विभस्त बलात्कार एवं हत्याकांड में बलात्कारी अभी तक दोषी सिद्ध नहीं हो पाया है? पूरे देश के युवा बलात्कारी को सजा देने के लिए सड़क पर आ गए जन आक्रोष भड़क चुका है और बंगाल की महिला मुख्यमंत्री के साथ विपक्ष की बड़ी-बड़ी नेत्रियां की इस मामले में चुप्पी न सिर्फ स्त्रियों का स्त्रियों के प्रति असंवेदनशीलता दर्शाती है बल्कि नेत्रियों की खामोशी पीड़ित महिला के साथ महिला नेत्रियों द्वारा किया गये अनादर के समान है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अब तक देश में हजारों स्त्रियों,बेटियों,माता बहनों के साथ न जाने कितने बलात्कार और हत्या के प्रकरण न्यायालय में चल रहे हैं, लंबित है और इनमें से कितनों को फांसी दी गई कितनों को कठोर कारावास दिया गया इसके आंकड़े अभी भी लापता है। अजमेर राजस्थान में तो 100 बालिकाओं के साथ बलात्कार की घटना का 30 साल बाद न्याय मिलना कितना दुर्भाग्य जनक है। अब स्त्रियों के अधिकारों और नई भूमिका के सही मूल्यांकन महती जरूरत है। अब महिला की सुरक्षा को प्रथम प्राथमिकता में रखते हुए घरों में कार्य स्थलों, सरकारी कार्यालय, अस्पताल में एवं हर उसे स्थान में जहां स्त्रियां अपनी उपस्थिति देकर देश के विकास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती हैं वहां संविधान में स्त्रियों के साथ बलात्कार एवं दुराचार जैसी जघन्य घटना के लिए त्वरित निर्णय लेकर फांसी जैसे कठोर दंड का प्रावधान किया जाना चाहिए। अब वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है। स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या पुत्र। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी में ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

जयपुर में मीटिंग विवाद-टोंक में समर्थकों के प्रदर्शन पर बोले दिग्गज भाजपा नेता

जरूरी काम था और दवा लेनी थी, कार्यक्रम से जाने को लेकर इश्यू बनाना गलत : राजेन्द्र राठौड़

कहा-भाजपा के कर्मठ सिपाही-पार्टी के आदेश पर ही हरियाणा में काम कर रहा हूं

समर्थकों से कहा, अनुशासन सर्वोपरि-संयम बरतें

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। जयपुर में गत दिनों भाजपा की वृहद बैठक में से उठकर जाने के बाद हुई टिप्पणी और टोंक में टिप्पणी से खफा समर्थकों के भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर से माफी मंगवाने को लेकर हुए प्रदर्शन को लेकर भाजपा के दिग्गज नेता राजेन्द्र राठौड़ ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि यह टिप्पणी-विवाद और प्रदर्शन का मसला ही नहीं हैं। उन्हें जरूरी काम था, उससे जरूरी, रोजाना की तरह उस दिन भी दिन में दवा लेनी थी, इसलिए उन्हें उठकर आना पड़ा। प्रदेश नेतृत्व से उनका ना कोई मतभेद है और ना ही कोई विवाद है। उप चुनाव प्रभारी होने के बाद भी टोंक की बैठक में नहीं आने के सवाल पर दिग्गज भाजपा नेता ने कहा कि, प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर ही वे हरियाण के चुनावों में पार्टी के कर्मठ सिपाही की तरह अपना काम कर रहे हैं। यहां का काम शुरू होगा तो यहां आकर काम करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि समर्थक-कार्यकर्ता संयम बरतें और बेवजह इश्यू नहीं बनाए। भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है, कार्यकर्ता उसका पालन करें। राठौड़ ने यह बात शनिवार को हरियाणा के हिसार शहर से फोन पर बात करते हुए कही।

सामान्य बात, जिस पर ध्यान देने की जरूरत नहीं

राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि उनके जाने और पार्टी के वरिष्ठ नेता के इस पर कुछ कहना एक सामान्य बातचीत का हिस्सा है। इसको इश्यू बनाने जैसी कोई बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि अभी वे हरियाणा में काम कर रहे हैं। पार्टी ने उन्हें देवली-उनियारा विधानसभा उप चुनाव के प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंप रखी है, वे उसे भी गंभीरता से निभाएंगे। राठौड़ ने किसी भी विवाद और मतभेद को नकारते हुए कहा कि आज तक पार्टी ने जो भी काम या जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उन्होंने उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा किया है।

उप चुनावों से पहले प्रदेश भाजपा में सर-फुटव्वल

जयपुर की बैठक में राजेन्द्र राठौड़ पर टिप्पणी, टोंक की बैठक में कार्यकर्ताओं ने दिखाए बगावती तेवर, लगाए नारे

प्रदेशाध्यक्ष-प्रदेश प्रभारी से कर डाली माफी मांगने की मांग, नाराज नेता ने कार्यकर्ताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

हार से निराश नहीं हुए, सबक लिया है

कार्यकर्ता अनुशासन नहीं भूलें : टोंक में शुक्रवार को देवली-उनियारा विधानसभा उप चुनावों को लेकर हुई बैठक में कुछ समर्थकों द्वारा राजेन्द्र राठौड़ के अपमान पर प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर से माफी मंगवाने की मांग रखने और नारेबाजी कर हंगामा करने को लेकर राठौड़ ने नाराजगी जताई और अपील की कि कार्यकर्ता पार्टी के अनुशासन को नहीं भूले। भाजपा में अनुशासन ही सर्वापरि है और सभी को इसका ध्यान रखना चाहिए।

क्षतिग्रस्त पोल से लाइन शिफ्ट नही करने से बन रहा हादसे का अंदेशा

बिजली विभाग को कई बार की शिकायत मगर नही हुई कोई कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा (नि.स.)। शिवाड़ कस्बे में वार्ड 6 में चिरंजी के गौदाम के समीप मुख्य रास्ते मे लगा बिजली का पोल पूरा क्षतिग्रस्त हो गया है और वो कभी भी वहां गिर सकता है मगर विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को इसकी कोई परवाहा नही है । मोहल्ला निवासी दिलीप नामा, रामेश्वर, सुधीर आदि ने बताया कि ये बिजली का पोल काफी पुराना है और इस पर चारो दिशा में तार जा रहे है और ये पूरा क्षतिग्रस्त हो चुका है और केवल खिंचे हुए तारो के सहारे ही टिका हुआ है वही इसी रास्ते से तेज बारिश में पहाड़ों से बहुत तेज पानी आता है ऐसे में कोई भी हादसा यहां हो सकता है इसकी राजस्थान संपर्क पोर्टल पर भी शिकायत हो चुकी है मगर विभाग के अधिकारीयो के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है । यह क्षतिग्रस्त पोल सीधा मकानों पर गिरेगा और कई नुकसान भी मोहल्ले में कर सकता है । विभाग के कर्मचारियों ने इसको शिफ्ट करने के लिए वर्षो से यहां खम्बा लगया हुआ है मगर इस पर लगे तारो को इसलिए शिफ्ट नही किया जा रहा कि तारो को खोलते ही पोल सीधा नीचे आ सकता है और यहां विभाग के कर्मचारियों के पास टैक्टर आदि साधनों की व्यवस्था नही है और उच्च अधिकारी कोई सुनवाई नही कर रहे है । यदि कोई हादसा इस बीच होता है तो विभाग में किसकी ज़िम्मेदारी होगी । लोगो का कहना है कि यहां विभाग में पोल बनी हुई है । कनिष्ठ अभियंता जिन्हें चार्ज दे रखा है वो कभी मौखा देखते नही है और कर्मचारी साधन नही होने का कह के मामले को टाल देते है ।

वार्ड मेम्बर नारंगी देवी का कहना है कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारी सहित कर्मचारियो को मामले से अवगत करवाया और राजस्थान संपर्क पोर्टल पर भी शिकायत की मगर कोई कार्यवाही नही होती है विभाग को हादसे का ही इंतज़ार है ।

दलित अत्याचार के मामलो में राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविन्द सिंह सेठी)। जयपुर के भांकरोटा थाने में कार्यरत पुलिस हेडकांस्टेबल बाबूलाल बैरवा द्वारा आत्महत्या किये जाने के बाद में यहां उक्त मामले कार्रवाई की मांग को लेकर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सोपा गया है। स्थानीय अंबेडकर विचार मंच ने ज्ञापन में मांग की है कि सिपाही बाबूलाल बेरवा के सुसाइड नोट में लिखित नाम के आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। और परिवार के 2 सदस्यों को सरकारी नौकरी की मांग की गई है। इसी तरह सीकर जिले के हर्ष गांव की दलित सरपंच रश्मि वर्मा के पुत्र का अपहरण करने, फिरौती नहीं देने पर अमानवीय यातनाएं देने मारपीट कर वीडियो वायरल करने के आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज करने आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएं। ज्ञापन सौपने में मंच अध्यक्ष राजबहादुर, मोतीलाल मीणा, मोहनलाल बेरवा गजानंद बैरवा,नवरंग टेलर, उपाध्यक्ष विनोद मीणा, मनोहर सिंह मीणा, लक्ष्मी नारायण खटीक, बद्रीलाल, श्रीपत सोलंकी, दिलखुश टाटावत, प्रशांत कुमार, प्रकाश चंद वर्मा, धर्मराज बैरवा,गौरव बेरवा, मनोज बंसीवाल, विजयपाल सिंह, रामकिशन बैरवा, रवि शंकर, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कथा महोत्सव के शुभारम्भ पर निकली कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पैदल चलकर बढ़ाया मान

मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएगें राम आएगें जैसे भजनो पर हुआ जमकर नृत्य

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। भारत विकास परिषद और श्री राम कथा महोत्सव आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में महेश सेवा सदन में 1 सितम्बर चलने वाले धर्म, सेवा व शक्ति की त्रिवेणी के रूप में दिव्य व भव्य श्री रामकथा महोत्सव का शुभारम्भ भव्य एवं विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। शनिवार को शहर के नवीन मण्डी बाजार स्थित श्री केदारनाथ मन्दिर में सभी कलशो की पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना हुई। इसमें प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी , परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा , समिति अध्यक्ष ओम सोनी , कलश यात्रा संयोजक जिनेन्द्र कुमार मेन्दवास्या व सह संयोजक मनोज जैन ने विद्धान पण्डितो के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भाग लेकर पूर्ण विधि विधानसभा से पूजा सम्पन्न कराई। इसके पश्चात शहर के सर्वसमाज की उमड़ी महिलाओं के सिर पर पवित्र कलश धारण करवाए गए। इस विशाल कलश यात्रा को प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर स्वयं भी पैदल कलश यात्रा के साथ रवाना होकर आयोजनकर्ता, कलश यात्रा व शहरवासियो का मान बढ़ाया। प्रदेश के जलदाय मंत्री की कलश यात्रा में मौजुदगी व पैदल चलना न केवल इस धार्मिक आयोजन के प्रति अपना सममान प्रकट किया है बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश दिया है कि राजस्थान सरकार धर्म, सेवा और विकास के प्रति पूरी तरह से समर्पित होकर कार्य कर रही है। महोत्सव आयोजन के माध्यम से गौसवा और समाज सेवा की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। महोत्सव के मुख्य यजमान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले भामाशाह व समाजसेवी बी.एल. चौधरी देशमां सिर पर पवित्र ग्रंथ धारण कर रवाना हुए। कलश यात्रा में सबसे आगे परिषद सरंक्षक एडवोकेट राजकुमार जैन, अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा,सचिव ताराकान्त पाठक, व्यवस्थापक रामबाबू परतानी, प्रवक्ता दिनेश विजय, वित्त प्रभारी ज्ञानचन्द जैन के अलावा नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, सत्यनारायण डूंगरी सहित शहर के अनेक गणमान्य व प्रबुद्ध नागरिक मौजुद रहे। सबसे पीछे शहर के सर्व समाज की भारी संख्या में महिलाऐं रंगीन परिधान पहन व बेण्डबाजो की धुनो पर नृत्य करती चली। कलश यात्रा के दोरान मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएगें राम आएगें जैसे भजनो के साथ जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर आयोजन स्थल महेश सेवा सदन पहुंचा। कलश यात्रा का बीच रास्ते में अनेक स्थानो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा के जुलुस की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजकुमार कस्वा, पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार, थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा सुरक्षा दस्तो के साथ मौजुद रहे।

आशीष पंचोली विहिप के प्रखंड व सत्यनारायण शहर अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री राधेश्याम गौतम एवं विभाग संगठन मंत्री पवन कुमार एवं विहिप के जिलाध्यक्ष सीताराम शर्मा के सानिध्य में आदर्श विद्या मंदिर कुंचलवाडा रोड देवली में जिला बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आशीष पंचोली को विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व दिया गया तथा सत्यनारायण साहू को देवली शहर के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। तो वहीं हनुवंत सिंह (हन्नु बन्ना) को प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य,खेमचंद कोली को प्रखंड बजरंग दल टोली सदस्य, विक्रम सिंह को नगर मिलन प्रमुख व मयंक को नगर विद्यार्थी प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान बैठक में प्रखंड मंत्री विशाल राव,अशोक दुबे, प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रहलाद सेन,नासिरदा खंड अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश नामा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देवली से श्री सांवरिया सेठ की पदयात्रा हुई रवाना

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। श्री सांवरिया सेठ एवं सिंगोली श्याम की पदयात्रा शहर से धूमधाम के साथ रवाना हुई । जानकारी के अनुसार बावड़ी बालाजी स्थान पर भगवान की पूजा अर्चना के बाद सैकड़ो यात्री सांवरिया सेठ के जयकारों व भजनों पर नाचते गाते यात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा के मुख्य प्रबंधक ओमप्रकाश माहेश्वरी एवं संपत सुवालका ने बताया कि शहर से निकाली गई पदयात्रा में 250 से ज्यादा पदयात्रियों ने रवाना होने से पूर्व भगवान सांवरिया सेठ की पूजा अर्चना की। इसके बाद यात्री ध्वज लेकर पदयात्री के लिए रवाना हुए। इस दौरान शहर में जगह-जगह भगवान की झांकी और पदयात्रियों पर पुष्प बरसाए गए। वही भगवान के भजनों पर महिलाएं नाचती गाती रही। कमेटी के संपत सुवालका ने जानकारी में बताया कि पदयात्रा 31 अगस्त को श्री सांवरिया सेठ मंदिर पर ध्वज अर्पित करेंगी। इससे पहले 26 अगस्त को सिंगोली शाम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पदयात्रियों की ओर से धूमधाम के साथ मनाई जाएगी।पदयात्रा को माहेश्वरी समाज के टोंक जिलाध्यक्ष सत्यनारायण माहेश्वरी व पार्षद भीमराज जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में व्यवस्थापक रघुवीर सिंह शक्तावत, सांवरिया सेठ समिति अध्यक्ष गणराज गुर्जर, महामंत्री भंवरलाल सेन, देवराज, टीकम जैन, कुंदन राजावत, जगदीश तोतला, राधेश्याम मालू, रमेश बांगड़, भगवान लड्ढा,मनीष अरोड़ा समेत कई शामिल रहे।

एक माह में भी नही डाली केबल, विभाग के उच्च अधिकारी ने सावन बाद के लिए कहा, उसके बाद भी नही डाली

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा(नि.स.)। शिवाड़ कस्बे में लो वोल्टेज की समस्या और बार बार जल रहे तारो को हटाने के लिए नवीन केबल डालने के लिए उच्च अधिकारियो को शिकायत के बाद कस्बे में सावन के पहले दिन 22 जुलाई को केबल भेजकर बड़ी स्कूल से बाजार तक नवीन केबल लगाने के आदेश होने के बाद भी अभी तक 1 माह से अधिक समय होने के बाद भी केबल नही खेची गई है । ग्रामीणों ने बताया कि केबल का कार्य सावन से पूर्व होना था मगर उच्च अधिकारियों ने कस्बे में केबल उपलब्ध नही करवाई जब केबल आई तो सावन का माह शुरू हो गया था उसके बाद उच्च अधिकारी ने यहां सावन महोत्सव घुश्मेश्वर मंदिर में होने से बिजली कटौती नही करने के आदेश के कारण केबल सावन बाद डालने की बात कही थी मगर सावन बीते करीब एक सप्ताह होने को है मगर कर्मचारियो और अधिकारियों की लापरवाही से अभी तक भी केबल नही डाली गई । केबल नही डालने से एक फेस कई दिनों से लो वोल्टेज में है वही दूसरी ओर बार बार केबल में फाल्ट आने से बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है जिसे कर्मचारियो द्वारा शिकायत के बाद सही किया जाता है इस कारण लोगो को हर रोज परेशानी हो रही है मगर केबल पड़ी होने के बाद भी उसे नही खेचा जा रहा है। लोगो ने अब उच्च अधिकारियो से कार्यवाही की मांग की है ।

रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाई

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। महेश सेवा सदन में शुरू हुए श्री राम कथा महोत्सव के प्रथम दिन व्यास पीठ से कथा वाचक संत श्री शुभकरण जी लाटा ने बताया कि इस सृष्टि में राम के बिना कुछ भी नहीं है। शनिवार को महोत्सव के प्रथम दिन व्यासपरठ से प्रर्वचन करते हुए कथावायक संत श्री लाटा ने बताया कि भगवान मर्यादा पुरूषोतम श्री राम का जीवन चरित्र प्रेरणा देने वाला है। एक आज्ञाकारी पुत्र का जीवन दर्शन केवल रामायण में ही देखने व सुनने को मिलता है। एक राजकुमार पुत्र अपने पिता के वचनो की पालना करते हुए हंसते हंसते 14 वर्ष के वनवास में चले जाते हैं। इसलिए रामायण में कहा गया है कि रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाए। शनिवार को रामकथा के प्रथम दिन के यजमान त्रिलोकचन्द विजयवर्गीय ने सपरिवार उपस्थित पूजा अर्चना की व प्रसाद वितरण परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा की ओर से किया गया। कथा स्थल कथा के दौरान भगवान श्री राम के जयकारो गूंजता रहा और व्यासपीठ से रामकथा के रूप में बिखरे रस्वादान से श्रद्धालु अभिभूत हुए।

भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक रविवार दोपहर 12.15 पंचकुइया दरवाजा स्थित मदरलैंड स्कूल में होगी।

इस बैठक मे प्रदेश मंत्री अजित मांडल एवं पूर्व प्रदेश मंत्री सुनील कोठारी का मार्गदर्शन मिलेगा। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने बताया कि बैठक मे वर्तमान एवं पूर्व विधायक, सभी पूर्व जिलाध्यक्ष, सभी वर्तमान एवं पूर्व जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा अध्यक्ष, सभी मण्डल अध्यक्ष एवं उनके साथ इस अभियान के सदस्य सभी वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक एवं जिला टोली के सदस्य भाग लेंगे।

आयुर्वेद चिकित्सालय प्रभारी ने शराबी के विरूद्ध राजकार्य का कराया मुकदमा दर्ज

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा(नि.स.)। मालपुरा के पुरानी तहसील स्थित आयर्वेद चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. ललिता वर्मा ने थाना मालपुरा में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. शांति धाबाई के पति छीतर गुर्जर ने शराब के नशे में चिकित्सालय में प्रवेश कर अभद्रता कर राज कार्य बाधा पहुंचाने का प्रयास किया है। थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सालय मालपुरा की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललिता वर्मा की ओर से एक रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अस्पताल में कार्यरत चिकित्साधिकारी डॉ. शांति धाबाई के पति छीतर गुर्जर शनिवार को शराब के नशे में धुत होकर चिकित्सालय में आए। गुर्जर ने आते ही प्रभारी अधिकारी कक्ष में आकर गाली गलोच कर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर अभद्रता करने लगे। आरोपी ने इस दौरान यह भी कहा कि उनके पास चाकु है जिससे मैं जान से मारकर जाऊंगा। इस समय चिकित्सालय के प्रभारी कक्ष व बाहर सभी स्टाफ मोजुद थे। जिन्होने बीच बचाव करने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी बार बार मारने की धमकी देता रहा। इस सम्पूर्ण घटना को कार्यरत स्टाफ रेखा सिंह पंवार सहित अन्य सभी लोगो ने देखा और सुना है। आरोपी ने साथ ही रेखा सिंह पंवार के साथ भी दुव्यर्वहार कर चुका है। आरोपी इससे पहले भी इसी प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। थानाधिकारी बेड़ा ने मामला गंभीर होने के चलते राजकार्य सहित अन्य कई धाराओ में मामला दर्ज कर लिया गया है।

चालीहां साहिब समापन मेला संपन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविन्द सिंह सेठी)। शहर के नजदीक बोरडा गणेश जी मंदिर परिसर में भगवान झूलेलाल की 26 वे वंशज परम पूज्य ठाकुर साई मनीष लाल साहिब (भरूच गुजरात) के सानिध्य अखंड ज्योत दर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

देवली के सिंधी पंचायत अध्यक्ष विनोद धर्मानी ने बताया कि पूर्व मे भी उक्त कार्यक्रम केकड़ी की पूज्य पंचायत द्वारा स्थानीय बोरडा गणेश मंदिर परिसर में आयोजित करवाया जा चुका था। ऐसे में 23 अगस्त को चालीहां साहिब अखंड ज्योत दर्शन कार्यक्रम बोयेड़ा गणेश जी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ जिसमें देश के अनेकों क्षेत्र से पहुंचे समाज के लोग यहां एकत्रित हुए । इस कार्यक्रम मेंआराध्य भगवान झूलेलाल की महिमा गाई जाती है। एवं देश में अमन चैन सुख शांति सुख समृद्धि के लिए ईश्वर से कामना की जाती है। तो वहीं कार्यक्रम के समापन पर अखंड ज्योत श्रद्धा भाव विधि विधान के साथ बनास नदी में विसर्चित की गई।

शहीद स्मारक कंपनी बाग से महारैली का सफलतम आयोजन

वीरांगना को शौर्य चक्र मिले और उसके माता-पिता का मैं बनूँगी सहारा : डॉ. देविका

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। बंगाल में रेजिडेंट डॉक्टर से बलात्कार एवं उसकी निर्मम हत्या के विरोध में कल शाम 5 बजे महारैली का आयोजन आई.एम.ए.अलवर तथा ESIC मेडिकल कॉलेज, लायंस क्लब अलवर मत्स्य , स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप अलवर के संयुक्त तत्वाधान में शहीद स्मारक से प्रारम्भ किया गया । जिसमे बहुत बड़ी संख्या में जन समुदाय ने अपनी भागीदारी निभाई । मुख्य माइक पर जोशीले नारो से लोगो को जोश भरने में मित्तल हॉस्पिटल प्रशासक गिरीश गुप्ता , डॉ देविका , डॉ लोकेश , डॉ प्रवीण (ESIC मेडिकल कॉलेज) अहम भूमिका निभाई ।

विभित्स अपराध में दिवंगत हुई रेजिडेंट डॉक्टर, देश की बेटी को अपनी श्रद्धांजलि देने के लिए बहुत बड़ा जन समुदाय हजारो की संख्या में उमड़ पड़ा । रैली का प्रारंभ शहीद स्मारक से चर्च रोड, होप सर्कस, घंटाघर तक पहुंचा जहाँ श्वस्ड्रष्ट मेडिकल कॉलेज द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया ।

वहाँ से रैली मेहताब सिंह तिराहे , रोड नम्बर 2 से भगतसिंह चौराहे पहुँची वहाँ भी कुछ वक्त के लिए जोरदार नारेबाजी की गई वहाँ से चलकर बिजली घर चौराहे, नंगली चौराहे पहुँची जहाँ तकरीबन 15-20 मिंट जमकर नारेबाजी की गई वहाँ से शहीद स्मारक पर पहुँचकर सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गयी । आई एम ए अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल ने अपने उद्बोधन में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही सभी संस्थाओं का इस अलख में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्ति किया वही प्रशासन एवं मीडिया के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया इस मौके पर डॉ देविका ने अपने उद्बोधन में उस बेटी को वीरांगना का नाम देकर सरकार से शौर्य चक्र की मांग करि है साथ ही दिवंगत बेटी के माता पिता का सहारा बनने की अपनी इच्छा जाहिर की है ताकि उनकी आगे की जिंदगी आराम से अपनी बेटी के रूप में डॉ देविका के साथ निकल सके ।

डॉ लोकेश ने अपने उद्बोधन में आई एम ए टीम को खास तौर पर धन्यवाद देते हुए कहाँ कि डॉ एस सी मित्तल सर ने हमे जो सहयोग दिया वो काबिले तारीफ है उन्होंने हमें हर काम मे आगे चलकर सहयोग दिया । कार्यक्रम के अंत मे मुख्य एनाउंसर गिरीश गुप्ता ने सभी के साथ राष्ट्रगान किया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी ने 2 मिनट का मौन भी रखा अंत मे गिरीश गुप्ता ने महारैली के समापन की घोषणा करके सभी को शाँति के साथ जाने का निवेदन किया ।

ऑल रोग विशेषज्ञ बने टीचर्स

बढ़ता राजस्थान

अलवर (रूपक शर्मा)। राजस्थान सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों में चलाया जा रहा अभियान शाला स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम अब शिक्षकों के लिए सर दर्द बनता जा रहा है। जिस तरह आलू का इस्तेमाल हर सब्जी में कर लिया जाता है ठीक ऐसे ही माटसाब को पिछले कई सालों से सब्जी की तरह हर काम में इस्तेमाल किया जा रहा हैं। फिर चाहे के खुले में शौचालय करने वालों की गणना करना हो उनके शौच की फोटो खींचना हो और अब एक नया कार्यक्रम जिसमें 72 ऐसे सवालों का जवाब देना होगा जो शिक्षक की शिक्षा से परे है। पिछले कई सालों से मास्टर सब सरकार का निशाना बनते आ रहे हैं। जैसे एक पति ऑफिस का सारा गुस्सा घर आकर अपनी ग्रहणी पर उतरता है ठीक ऐसे ही सरकार के हर कार्यक्रम में अब शिक्षक मजूरी करने लगे हैं। सरकारी स्कूलों में शाला स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बालक के सिर में जुएं हैं या लीकें और लीकें हैं तो कितनी है, आंखों में गीढ की मात्रा कितनी है और किस रंग की गीढ है, नाक में किस रंग का क्या-क्या आइटम भरा है। कान में मैल किस कलर का है, ऐसे 72 सवालों का जवाब देने के लिए स्कूली शिक्षक शिक्षा छोड़कर इन बेतुके सवालों का जवाब देने में जुटे हुए हैं। शिक्षक अब ऑल रोग विशेषज्ञ बन गए हैं । सरकारी स्कूलों में स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सैकड़ो स्कूलों के लिए यह परेशानी का सबक बना हुआ है । जहां महिला शिक्षक नहीं है वहां बच्चियों से उनके मासिक धर्म संबंधित प्रश्न आदि पूछे जाते हैं तो यह हमारी संस्कृति और सभ्यता को तार-तार होती हैं और यदि माटसाब बिना छात्रों से पूछे लिखते हैं तो वह अपनी ड्यूटी के साथ दगा कर रहे हैं और नोटिस पा रहे हैं।

शिक्षकों को ऐसे कार्यक्रम में जोड़कर टीचर्स के अस्तित्व को खतरे में डाला जा रहा है। ऐसे में शिक्षा एक बार फिर खतरे की घंटी बज रही है सरकार द्वारा इस अनोखे कार्यक्रम को लेकर शैक्षिक संगठनों ने सरकार में इसका विरोध भी दर्ज कराया है शिक्षक नेता चंचल शर्मा ने बताया है कि राज्य सरकार इस तरीके की यदि कोई स्कीम लाती है तो टीचर्स की जगह सरकारी चिकित्सालय से डॉक्टर की टीम को लगाए ताकि स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया सफल हो सके। यह महज एक खानापूर्ति है और कुछ भी नहीं। सरकार द्वारा टीचर्स को प्रताड़ित करने की एक प्रक्रिया है शिक्षक संगठन इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

नगर पालिका वार्ड पार्षद उप चुनाव : 26 वार्ड से पार्षद पद हेतु पांच प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

भाजपा और कांग्रेस के साथ निर्दलीय रूप से तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया दाखिल

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। नगर पालिका वार्ड पार्षद उपचुनाव 2024 में बाड़ी शहर के 45 वार्डो की नगर पालिका के वार्ड नंबर 26 के पार्षद पद को लेकर उप चुनाव कराया जा रहा है। जिसमें आवेदन पत्र जमा कराने की शनिवार को अंतिम तिथि थी। निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को तीन बजे तक पांच प्रत्याशियों द्वारा कुल सात आवेदन पत्र जमा कराए गए है। नगर पालिका वार्ड पार्षद उपचुनाव को लेकर रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बाड़ी राधेश्याम मीणा ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा वार्ड पार्षद के लिए उपचुनाव कराया जा रहा है। जिसके तहत शहर की नगर पालिका के वार्ड 26 में उप चुनाव होना है। इसको लेकर 20 से 24 अगस्त तक आवेदन पत्र जमा करने का समय दिया था। आज 24 अगस्त को 3 बजे समय समाप्ति तक सात आवेदन पत्र जमा हुए है जो पांच प्रत्याशियों द्वारा दिए गए हैं। रविवार और सोमवार की छुट्टी के बाद 27 अगस्त मंगलवार को इन आवेदन पत्रों की जांच होगी। 29 अगस्त दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी का समय दिया गया है। नाम वापसी नहीं होने पर 29 अगस्त को ही शाम को प्रत्यशियो को चुनाव चिन्ह आवंटन किया जाएगा।

भाजपा कांग्रेस के साथ तीन निर्दलीय मैदान में : शहर की नगर पालिका के वार्ड 26 के उप चुनाव में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ तीन निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने जहां महेंद्र सिंह यादव पुत्र माधोसिंह यादव को मैदान में उतारा है वहीं कांग्रेस ने पूर्व पार्षद लाखन सिंह यादव के पुत्र पंकज यादव पर दाव खेला है।

इनके अलावा निर्दलीय रूप से आकाश यादव पुत्र सुरेश चंद्र यादव, बच्चू सिंह यादव पुत्र छीतर सिंह यादव और शिवम यादव पुत्र जितेंद्र यादव निर्दलीय रूप से मैदान में है। पंकज यादव और महेंद्र यादव ने निर्दलीय रूप से भी नामांकन किया है।

पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद अजमेर सिंह यादव के निधन से खाली हुई है सीट : वार्ड 26 से पूर्व में अजमेर सिंह यादव पार्षद थे जो नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भी रहे। उनके निधन होने के चलते यह उपचुनाव कराया जा रहा है।

भाजपा सदस्यता अभियान के ज़िला व मण्डल के संयोजक व सह संयोजक मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की तैयारियों के लिये प्रदेश के निर्देशानुसार अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने ज़िला व मण्डल के संयोजक व सह संयोजक मनोनीत किए। भूतड़ा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के जिला संयोजक सरपंच महेन्द्रसिंह मझेवला, जिला सह संयोजक शक्तिसिंह रावत, प्रधान होनहार सिंह राठौड़, बृजकिशोर शर्मा, सुनीता यादव होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पुष्कर विधानसभा के नरवर मण्डल में संयोजक बद्री गुर्जर, सह संयोजक धनराज जाट, मधु शर्मा, महेंद्र सिंह राजावात, सत्यनारायण कोठी, सुनीता कानस, भोलाराम गुर्जर, प्रहलाद पुनिया, मधु खोजा, रोहन बाकोलिया, गोविंद शर्मा, लक्ष्मी पाराशर, राजेंद्र ओझा, संजीव सैन, कंचन किरण, लक्ष्मण सिंह, प्यारेलाल, कमला रावत होंगे। विधानसभा नसीराबाद के पीसांगन में रमेशसिंह रावत, दीपक चौधरी, दीपा मेघवंशी, नवल सिंह, बबलू गुर्जर, इन्द्रा पंडा, मुकेश पूरी, रामपाल सिंह, मधु सोनी, महेश बाबानी, राज मेहरा, उषा पथरिया, सत्यनारायण जांगिड़, राहुल रावत, रीना चौहान, सत्यनारायण शर्मा, भँवरसिंह और उर्मिला वैष्णव होंगे। विधानसभा मसूदा के भिनाय में गुमान सिंह, सुरेश जांगिड़, प्रमिला सैन, जगदेव सिंह, महेन्द्र नाथ योगी, मांगी देवी बैरवा, हरदेव सिंह, भगवान सिंह, मीना राठौड़, नेमीचन्द शर्मा, रवीद्र नायक, सुदेश देवी जांगिड़, हरिसिंह राठौड़, विजय सिंह रावत, सुनीता प्रजापत, सतीश ओझा, सुरेश रामचंदानी, कांता बुरड़ होंगे।

विधानसभा केकड़ी के वीर सावरकर ग्रामीण मंडल में पवन कुमार साहू, मुकेश जाट, सोनिया शर्मा, शिवराज जाट, सोनू प्रजापत, शोभा देवी छीपा, कालूराम गुर्जर, नन्द किशोर ओझा, पुष्पा देवी, मनोज कुमावत, अर्जुन सिंह शक्तावत, उषा शर्मा, कुशल किशोर सोनी, कैलाश घारु, रेखा तापड़िया, सावर, सुगनचन्द जैन, बलवीर सिंह, ललिता बारेठ, कन्हैयालाल विजयवर्गीय, मुकेश लोहार, प्रियंका शर्मा होंगे।

विधानसभा ब्यावर के माँ आशापुरा माता मंडल के विजय दगदी, गोलु पहलवान, पुष्पा आसवानी, नवल किशोर मुरारका, मनीष बंसल, शिखा गुप्ता, भँवर सिंह भाटी, धुलाराम मेगवाल, रेखा शर्मा, मुकेश जोधावत, महेन्द्र सिंह, लीला रावत, नरेंद्र सिंह, परमेश्वर सिंह, मीना रावत, राजेंद्र सालवी, रूप सिंह, मधुबाला पँवार होंगे। भूतड़ा ने जानकारी देते हुये बताया कि 25 अगस्त से 28 अगस्त तक अब मंडल कार्यशालाएँ होगी। उसके बाद 31 अगस्त को बूथ पर कार्यशालाएँ होगी ताकि नीचे तक सदस्यता अभियान की तैयारियाँ पूर्ण हो सके।

सफाई का संकल्प: जिला कलक्टर और एसपी ने स्वयं उठाया मचकुंड की सफाई का जिम्मा, चंद घंटों में चमक उठा मचकुंड

मचकुंड पर स्वच्छता एक नया युग: जिला कलक्टर और एसपी ने पेश की मिसाल

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने शनिवार को धौलपुर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मचकुंड पर स्वच्छता अभियान की कमान संभाली। जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक जब झाड़ू, फावड़ा, खपरा लेकर मचकुंड प्रांगण में उतरे तो अन्य अधिकारी और आमजन भी जुट गए और कुछ घंटों के श्रम से मचकुंड चमक उठा। यह अभियान स्थानीय लोगों, अधिकारियों, सफाईकर्मियों के साथ मिलकर चलाया गया। सुबह 8 बजे से जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल मचकुंड में सफाई की गई। गंदगी और प्लास्टिक उत्पादों को साफ करते हुए अधिकारियों ने न केवल स्वच्छता का संदेश दिया बल्कि स्थानीय लोगों को भी इस कार्य में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बोट के जरिये भी मचकुंड कुंड की व्यापक सफाई की गई। अधिकारियों के इस प्रयास को देखकर छात्र और आमजन भी सफाई अभियान में जुट गए। इस सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए जिला कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को शहर में कचरे की सफाई के निर्देश दिए। धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के स्थल मचकुंड की समस्याओं को लेकर जिला कलक्टर ने आवारा जानवरों और बंदरों के नियंत्रण, सुलभ शौचालय की सफाई के निर्देश दिए। साथ ही कचरा पात्रों के रखरखाव एवं नए कचरा पात्र लगवाये जाने हेतु कहा।जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने आश्वासन दिया कि मचकुंड पर मौजूद सभी सुविधाओं को जल्द ही बेहतर किया जायेगा इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तोमर, उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

पार्वती नदी में डूब रहे युवक को बचाया बसेड़ी तहसील जा रहे युवक ने, लेकिन खुद चला गया गहरे पानी में

पानी में डूबने से हुई तामोटी निवासी भैरोसिंह की मौत

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के बसेड़ी रोड पर पार्वती नदी एनीकट पर नहा रहे एक युवक के पानी में डूबने पर बचाने गया दूसरा युवक हादसे का शिकार हो गया। एनीकट पर नहाने के दौरान बसेड़ी निवासी दिनेश जाटव नदी में असंतुलित होकर गिर गया। इस दौरान लोगो के चिल्लाने पर सड़क से गुजर रहे तामोटी निवासी युवक ने जब उक्त घटना को देखा तो बाइक को सड़क पर छोड़ नदी में कूद गया। इस दौरान उसने डूब रहे युवक को तो बचा दिया लेकिन खुद गहरे पानी में चला गया और मौत का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार बाड़ी उपखंड के सदर थाना क्षेत्र के तामोटी गांव निवासी 28 वर्षीय भैरोसिंह पुत्र हेमसिंह गुर्जर जो बसेड़ी तहसील और कोर्ट में काम करता था। शनिवार को दिन में करीब 12 बजे अपने गांव से बाइक द्वारा बसेड़ी तहसील जा रहा था। इस दौरान जैसे ही वह पार्वती नदी के पुल पर पहुंचा,नीचे से लोगों की आवाज सुनकर रुक गया। पता लगा कि बसेड़ी कस्बा निवासी एक युवक दिनेश जाटव नहाने के दौरान पानी में गिर गया है। इस पर भैरोसिंह ने बाइक छोड़ सीधे पानी में छलांग लगा दी और नदी में डूब रहे दिनेश जाटव को बचा दिया। लेकिन खुद गहरे पानी में चला गया। जब भैरो सिंह नदी में से नहीं निकला तो इस दौरान एकत्रित भीड़ में से कुछ लोगों ने नदी में छलांग लगाई और जैसे-तैसे गहरे पानी मे से भैरोसिंह को निकाल कर लाये। जिसको मौके पर प्राथमिक उपचार दिया लेकिन जब वह उसमें नहीं आया तो उसे तुरंत बाड़ी सामान्य अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने भी उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन भैरोसिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना पर बसेड़ी थाना के हेड कांस्टेबल सूरज सिंह और पुलिस ने बाड़ी अस्पताल पहुंच परिजनों की मौजूदगी में पंचनामे के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है।

एबेनेजर मिशन स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी का त्यौहार

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (नि.स.)। एबेनेज़र मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें पूरे विद्यालय को कृष्ण जन्मभूमि के रूप में सजाया गया । नर्सरी से 5वी क्लास तक के बच्चों ने राधा, कृष्णा, सुदामा आदि बनकर अपनी प्रस्तुति दी। जिसमें बच्चों ने राधा—कृष्णा के गानों पर डांस किया तथा क्लास 6 से 10 तक के बच्चों के द्वारा दही हांडी फोड़ने का आयोजन कराया गया। कक्षा 6, 7 के बच्चों के एक ग्रुप ने और कक्षा 8 से 10 तक के बच्चों का एक ग्रुप, एवं एक लड़कियों के ग्रुप तालमेल बनाकर दहीहांडी को फोड़ा और भरपूर आनंद उठाया। दहीहांडी फोड़ते ही सभी बच्चों में, तथा समस्त स्टाफ में एक अलग ही ऊर्जा का भाव उठ आया। प्रोग्राम के अंत में जो राधा, कृष्णा, सुदामा आदि बनकर आए उन सभी में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान वाले बच्चों को ट्रॉफी वितरित किए गए तथा कक्षा 6 ,7 एवं कक्षा 8 से 10 तक के बच्चों ने दही हांडी फोड़ी थी उन सभी बच्चों को भी प्रोहित्साहित किया गया।

स्कूल डायरेक्टर राकेश गर्ग के बताया है कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ते हैं एवं बच्चों में एक अलग ही एक्टिविटीज का संचार होता है। आज के इस कार्यक्रम में पुनीत बंसल, शिवानी यादव, हेमलता शरण,दीपिका शर्मा , पूजा, भावना, भूपेंद्र, छगन गर्ग मानसिंह मनोज शर्मा,सचिन गोयल, रक्षा, शशिकांत, जितेंद्र, पंकज गर्ग, सोनाली गर्ग, श्रद्धा यादव, अपर्णा, अंकित राणा, रुचि चंसोरिया, इशिता गर्ग, पूजा गौड़ डोली सेंन3, नेहा, मुस्कान शिवहरे पूनम गोड़, योगेश, अंशु, गुंजन अग्रवाल, करिश्मा आदि उपस्थित रहे।

हाईवे ग्यारह बी पर चिलाचॉद गांव के पास सड़क किनारे खड़ी महिला को ट्रक ने कुचला

मोके पर ही दर्दनाक मौत, राजपुरा गांव निवासी मृतका आ रही थी देवर के साथ बाड़ी

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सरमथुरा रोड पर शनिवार को सुबह पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना हुई है। सरमथुरा जा रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने महिला को कुचल दिय। दुर्घटना में महिला की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला अपने देवर के साथ बाइक से बाड़ी सामान्य अस्पताल में भर्ती किसी परिजन को देखने आ रही थी इस दौरान हादसे का शिकार हो गई। घटना को लेकर आगई थाना क्षेत्र के राजपुरा गांव निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र चरण सिंह ठाकुर ने बताया कि वह अपने ताऊ के लड़के धीरसिंह की पत्नी सुनैना को लेकर बाड़ी अस्पताल जा रहा था। जहां सुनैना की बहन के परिवार में कोई डिलीवरी होनी थी। ऐसे में सुनैना अस्पताल जा रही थी। चिलाचोंद पेट्रोल पंप के पास जब वह बाइक में पेट्रोल लेने गया तो सुनैना को सड़क किनारे ही खड़ा छोड़ गया। इस दौरान अचानक से आए एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी सुनैना को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सुनैना की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घायल और अचेत सुनैना को एम्बुलेंस से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सरदारशहर में जलभराव की समस्या : संपत सिंह राजपुरोहित ने प्रशासन से त्वरित समाधान की अपील की

बढ़ता राजस्थान

सरदारशहर (नि.स.)। सरदारशहर के नागरिकों ने बरसात के मौसम के दौरान गंभीर जलभराव की समस्या पर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रशासन से तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो के जिला निर्देशक संपतसिंह राजपुरोहित ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर, एसडीएम, नगर परिषद आयुक्त और सभापति को एक पत्र भेजा है।संपतसिंह राजपुरोहित ने पत्र में बताया कि मेगा हाईवे महाविद्यालय के सामने, बीकानेर रोड कृषि मंडी के आगे, गौशाला बास, सूर्य मंदिर के पीछे गणेश मंदिर के पास, और राम मंदिर, टांटिया कुआं और मीणा का कुआं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में हर साल बरसात के दौरान गंभीर जलभराव हो जाता है। इस जलभराव के कारण सड़कों पर पानी भर जाता है, जिससे यातायात प्रभावित होता है और स्थानीय निवासियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह स्थिति जान-माल के नुकसान का कारण भी बन जाती है।सम्पत सिंह राजपुरोहित ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था में त्वरित सुधार की अपील की है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी प्रशासन को नागरिकों की सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के प्रबंधन के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

ब्लॉक निम्बाहेडा ने पाया भारत में द्वितीय व राजस्थान में प्रथम स्थान

नीति आयोग ने जारी की आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की डेल्टा रैंकिंग, जिला कलक्टर की सतत मॉनिटरिंग से निंबाहेड़ा को मिली यह उपलब्धि

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)। 7 जनवरी 2023 को दिल्ली में मुख्य सचिवों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे भारत में आशान्वित ब्लॉक कार्यकम शुरू करने की घोषणा की थी। इसके अंतर्गत सम्पूर्ण भारत से 500 ऐसे ब्लॉक का चयन किया गया जो अन्त्योदय योजना के अन्तर्गत जिनकी प्रगति विभिन्न पैमानों पर राज्य औसत और राष्ट्रीय औसत से कम थी। हाल ही में संकेतको में प्रगती के आधार पर नीति आयोग द्वारा जारी की गई आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम डेल्टा रैंकिंग में निम्बाहेडा ब्लॉक ने अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार करते हुए 500 चयनित्त ब्लॉक में से राजस्थान में प्रथम व भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। ब्लॉक स्तरीय टीम व ब्लॉक स्तर पर समस्त विभागों के समन्वय एवं सतत प्रयास तथा जिला कलक्टर आलोक रंजन के समय समय पर दिये गये निर्देशों से निम्बाहेडा ब्लॉक को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की शुरूआत में ब्लॉक निम्बाहेड़ा का राष्ट्रीय स्तर पर 500 में से 226 वां एवं राज्य स्तर पर 27 में से 17वां स्थान था। इस पर जिला कलक्टर आलोक रंजन द्वारा विशेष ध्यान केन्द्रित कर आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत ब्लॉक निम्बाहेड़ा के सभी अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर बुलाकर विभिन्न मापदंडों के बारे में जानकारी ली एवं हर सप्ताह रिपोर्ट्स का अवलोकन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, व्हाट्स एप ग्रुप बनाकर आशान्वित ब्लॉक कार्यकन की प्रगति की जानकारी ली गई। इसके अंतर्गत हर पखवाडे जिला कलक्टर द्वारा निम्बाहेडा ब्लॉक के सभी अधिकारियों की मिटिंग ली जाती, जिसमें उन संकेतको, जिनकी प्रगती संतोषजनक नहीं है उनकी प्रगति बढाने हेतु स्वयं के विचार एवं अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विचार विमर्श करने के उपरान्त निर्णय लिये गये।

कल से 31 तक होगा खेल सप्ताह का आयोजन

हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन एवं कुश्ती सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला राष्ट्रीय खेल दिवस इस बार खेल सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। खेल सप्ताह के तहत कोटा में भी 26 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खेल सप्ताह के पहले दिन 26 अगस्त को सुबह 7 बजे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नयापुरा से 5 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ अग्रसेन चौराहा, नयापुरा सीबी गार्डन, संग्रहालय से जेडीबी कॉलेज होती हुई वापस अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नयापुरा आकर समाप्त होगी। खेल सप्ताह के दूसरे दिन 27 अगस्त को रस्साकसी एवं रुमाल-झपट जैसे खेल होंगे। 28 अगस्त को उम्मेद स्टेडियम, नयापुरा में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसी दिन खेल संकुल, गुमानपुरा में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे वर्कशॉप ग्राउंड पर होगा। 30 अगस्त को बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जे.के. पवेलियन, नयापुरा में होगा जबकि खेल सप्ताह के आखिरी दिन यानि 31 अगस्त को उम्मीद स्टेडियम नयापुरा में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 27 से 31 अगस्त तक होने वाली समस्त प्रतियोगिताएं सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे के बीच आयोजित होंगी।बैठक में जिला खेल अधिकारी मधु चौहान सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

निवेश का छिपा खजाना है अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड

आई स्टार्ट कैम्पस पर हुआ न्यू स्टार्टअप एक्सकलुटो कॉफी मीट का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। सीएडी सर्किल के पास स्थित आई स्टार्ट कैम्पस पर न्यू स्टार्टअप एक्सकलुटो कॉफी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें इन्वेस्टमेंट के नए माध्यम के विषय में बताने के साथ ही लोगों को अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स को लेकर सवाल जवाब के माध्यम से खुलकर चर्चा हुई। इस दौरान स्टार्टअप एक्सकलुटो के सीईओ अपूर्व शर्मा ने बताया कि अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स भारत में निवेश का वो छिपा हुआ खजाना है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं। आज भी अधिकांश लोग इसके विषय में ज्यादा नहीं जानते हैं। आने वाले कुछ सालों में यह क्षेत्र निवेश का एक बड़ा जरिया बनकर उभरेगा। इस मीट में कोटा के कई बड़े बिजनेसमैन, चार्टर्ड अकाउंटेंट और वेल्थ मैनेजर्स ने हिस्सा लिया। इस दौरान अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स के बारे में जानकारी दी गई। फंड्स के प्रकार से लेकर उनमें निवेश से सुरक्षित तरीके भी बताए गए। साथ ही इस क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर भी खुलकर चर्चा की गई। मीट में सेबी के नियमों की भी जानकारी दी गई। गौरतलब है कि अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स प्राइवेट मार्केट में इन्वेस्ट करते हैं। आमतौर पर ये इन्वेस्टमेंट पब्लिक मार्केट में नहीं मिलते हैं। एक्सक्लूटो एक ऐसा स्टार्टअप प्लेटफॉर्म है जो कि इसको निवेशकों तक पहुंचाने का माध्यम है।

मिलकर बढ़ाएं अपने शहर को आगे

मीटअप के दौरान आई स्टार्ट नेक्स्ट के मैनेजर्स आयुष त्यागी और कौस्तुभ भट्टाचार्य ने बताया की राजस्थान सरकार की ओर से स्टार्टअप स्कोर इनोवेशंस को प्रमोट करने की क्या पहल की गई है। साथ ही, स्थानीय बिजनेसमैन अपने शहर के इनोवेटिव बिजनेस को सपोर्ट करने के बारे में भी बताया। इस पहल से न सिर्फ निवेशक को फायदा होगा, बल्कि स्थानीय बिजनेसमैन को भी आपका काम आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। एक दूसरे का हाथ थाम कर अपने शहर को नई पहचान और यहां के लोगों को नया मुकाम देने में भी मदद मिलेगी।

अतिरिक्त खाद्य आयुक्त ने किए श्रीजी के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा(नि.स.)। उपखण्ड की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के दरबार में पहुंच राज्य के अतिरिक्त खाद्य आयुक्त राजेन्द्र विजयवर्गीय ने सपरिवार के साथ दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। शनिवार को जी महाराज के दरबार में पहुंच राज्य अपनी धर्मपत्नि के साथ डिग्गी पहुंच कर श्री कल्याण जी महाराज के दर्शन किए। इस दौरान मन्दिर के सेवारत पुजारी विजय नारायण आशुतोष व पिंटु शर्मा ने विशेष पूजा अर्चना सम्पन्न कराई। मन्दिर ट्रस्टी गिरिराज शर्मा ने बताया कि इस दौरान मन्दिर व ट्रस्ट की ओर से विजयवर्गीय व उनकी धर्मपत्नि का स्वागत सम्मान किया गया। वहीं विजयवर्गीय ने कल्याण जी महाराज के दर्शन कर ढोक लगा प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की।

विशेष योग्यजन को सहायक अंग एवं उपकरण का नि:शुल्क वितरण हेतु पंचायत समिति कपासन में शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। भारत सरकार की एडीफ योजना अंतर्गत विशेष योग्यजन को सहायक अंग एवं उपकरण का नि:शुल्क वितरण हेतु पंजीकरण व चिन्हीकरण शिविर का शनिवार को पंचायत समिति कपासन परिसर में शनिवार को क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। पंचायत समिति कपासन विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल ने बताया कि विशेष योग्यजनों को सहायक अंग एवं उपकरण का नि:शुल्क वितरण हेतु पंजीकरण एवं चिन्हीकरण शिविर का सांसद सी.पी. जोशी,विधायक अर्जुनलाल जीनगर,भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शंभुलाल जाट,पंचायत समिति सदस्य दिनेश पाराशर,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी,सरपंच रतननाथ योगी,विष्णु हेड़ा,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज

अहमद,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशिष सोनी,जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर टेलर,उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर,उपनिदेशक समाज कल्याण विभाग ओमप्रकाश तोषनीवाल,अशिन शर्मा,समन्वयक विकास कुमार,मुख्य समन्वयक पंकज मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी नारायण मीणा आदि प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद सीपी जोशी ने उपस्थित जनसमुदाय से केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ लेने हेतु आव्हान किया।विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुवे कहाकि शिविर की सफलता ही सच्ची सदभावना होगा। इस शिविर का संचालन सहायक प्रशासनिक अधिकारी पंचायत समिति कपासन कैलाशचन्द्र गर्ग द्वारा किया गया।

इधर शिविर समन्वयक सहायक विकास अधिकारी लोकेश चण्डालिया एवं बंशीलाल खटीक ने बताया कि शिविर में पांच सो सम्भागियों द्वारा भाग लिया गया।जिसमें से 197 पंजीयन तथा शिविर में 149 व्यक्तियों ने आवेदन प्रस्तुत किए।जिसमें 51 लोगो के प्रमाण पत्र मौके पर जारी किये एलीमको संस्था द्वारा 97 लाभार्थियों का पूर्णत: सत्यापन किया गया।जिसमें श्रवण यंत्र 2,बैसाखी 24,व्हीलचेयर 12,ट्राईसाईकिल 30,मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल 7 सहित अन्य उपकरण 21 यंत्र थे।साथ ही ई-मित्र द्वारा 65 यूडी आईडी अपलोड किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार जगदीश बामनिया, समस्त क्षेत्रीय ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिकगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े की पूर्व संध्या पर दो देवलोकगामियों का नेत्रदान संपन्न

शाइन इंडिया के सहयोग से कोटा और बाराँ में संपन्न हुए नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़(नि.स.)। 25 अगस्त से 8 सितंबर तक पूरे भारतवर्ष में 39वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाएगा । शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा भी संपूर्ण हाडोती संभाग में नेत्रदान जागरुकता के कई कार्यक्रम किए जाएंगे । इसी पखवाड़े की पूर्व संध्या पर शाइन इंडिया के सहयोग से पिछले 12 घंटे में दो देवलोकगामियों के नेत्रदान संपन्न हुए, शुक्रवार रात,10 बजे मुक्ति मार्ग नयापुरा निवासी आरटीओ एजेंट राजेंद्र सिंह खुराना के पुत्र हरमीत सिंह खुराना (27 वर्ष) का हृदयघात से आकस्मिक निधन हुआ। हरमीत ऋषिकेश की एक रिसॉर्ट में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे,और राखी के पर्व पर कोटा आए हुए थे । चाचा सतनाम और गुरु बचन सिंह ने तुरंत ही शाइन इंडिया फाउंडेशन को संपर्क कर हरमीत के नेत्रदान का कार्य संपन्न हुआ ।

इसी क्रम में शनिवार सुबह जोनल हॉस्पिटल के सामने, बाराँ निवासी प्रकाश चंद्र जैन की पत्नी चंद्रेश जैन का हृदय घात से आकस्मिक निधन हुआ, जय सोशल ग्रुप के सदस्य पराग जैन की प्रेरणा पर बेटे शैलेंद्र,धर्मेश,बेटी रेणु और दामाद प्रभात ने माताजी चंद्रेश के नेत्रदान के लिए सहमति दे दी । नेत्रदान के लिए ज्योति मित्र हितेश खंडेलवाल की सूचना पर, कोटा से ईबीएसआर बीबीजे चैप्टर के कॉर्डिनेटर डॉ कुलवंत गौड़ तुरंत ही रवाना हो गए और घर परिवार के सभी सदस्यों के बीच में नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा किया ।

पूर्व मंत्री आंजना ने कासोद गांव गैस लीक मामले में पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा (नि.स.)। निम्बाहेड़ा नगरपालिका क्षेत्र में स्थित कासोद गांव में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से हुए गैस रिसाव के कारण नुकसान की गिरदावरी करवा पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग को लेकर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा, साथ ही चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर से फोन पर वार्ता की। पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि गत दिनों नगरपालिका क्षेत्र के कासोद गांव में स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से हुए क्लोरीन गैस के रिसाव में ग्रामवासियों को भारी आर्थिक, शारीरिक एवं मानसिक क्षति हुई है। वार्ड 13 पार्षद खेमराज मेघवाल एवं वार्ड 14 पार्षद राजू भील के साथ कासोद गांव के वरिष्ठजनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने पेच परिसर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आकर उक्त घटना की विस्तृत जानकारी दी, जिसमें सामने आया कि उक्त घटना में किसानों की तीन गाय, एक भैंस की मृत्यु हुई है। साथ ही प्लांट के आसपास स्थित खेतों में क्लोरीन गैस फैल जाने से फसल खराब होना भी सामने आया है, कई पीड़ितों को अभी तक सांस लेने में समस्या हो रही है जिसके परिणाम स्वरूप क्षेत्र में भय का माहौल है। पूर्व मंत्री आंजना ने ग्रामवासियों की पीड़ा एवं उचित मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा, साथ ही चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर से फोन पर वार्ता की जिसमें आंजना ने पशुधन हानि एवं फसल खराबे की तुरंत गिरदावरी करवा उचित मुआवजे का ऐलान करवाने का निवेदन किया ताकि पीड़ितों को राहत मिल सके। साथ ही कल शुक्रवार को ग्रामवासियों द्वारा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर उक्त ट्रीटमेंट प्लांट को आबादी से दूर स्थापित करने की भी मांग की थी इस हेतु भी आंजना ने जिला कलेक्टर से इस संदर्भ में राज्य सरकार से चर्चा कर प्लांट को अन्यत्र स्थापित करने का निवेदन किया ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना एवं संभावित जनहानि को रोका जा सके।

रोटरेक्ट क्लब का अलवर का सामर्थ्य प्रयास

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। रोटरेक्ट क्लब ऑफ़ अलवर होप द्वारा शनिवार, को सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए एक नई स्कॉलरशिप योजना 'सामर्थ्य' की शुरुवात की गई। इस योजना के तहत प्रत्येक माह दो विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए 1200 रुपये की आर्थिक सहायता क्लब की ओर से प्रदान की जाएगी। इस योजना का पहला चरण पी.एम. श्री राजकीय सी. सेकेंडरी विद्यालय, जिंदोली में आयोजित किया गया, जिसमें चार विद्यार्थियों – अंकित, चंदा, प्रवीण और बबली को यह स्कॉलरशिप प्रदान की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार जी ने इस प्रोजेक्ट की शुरुवात उनके विद्यालय से करने के लिए रोटरेक्ट क्लब ऑफ़ अलवर होप टीम का आभार व्यक्त किया।

निजी बसों के 27 को प्रदेशभर में होंगे चक्काजाम, 24 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर हड़ताल पर रहेंगे बस ऑपरेटर

- समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो करेंगे अनिश्चितकालीन चक्काजाम
- बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन और बस मालिक संघ ने दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन राजस्थान तथा बस मालिक संघ की ओर से 27 अगस्त को प्रदेश स्तरीय चक्काजाम किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने बताया कि बस ऑपरेटर्स राजस्थान द्वारा परिवहन विभाग को कई बार अपनी समस्याओं से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकलने के कारण मजबूर होकर चक्का जाम हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी यदि सरकार ने बस ऑपरेटर्स की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया तो अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने का निर्णय लिया जाएगा। बस मालिक संघ के संरक्षक बाबूलाल पंजवानी ने बताया कि बस ऑपरेटरों की ओर से सरकार को 24 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया है। जिसमें ऑनलाइन अस्थाई परमिट के साथ-साथ ऑफलाइन परमिट चालू रखने, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में दो माह का टैक्स माफ करने की मांग की गई है। एसोसिएशन के महासचिव शकील मिर्जा ने बताया कि निजी बसों का किराया 2014 में तय किया गया था। इसके बाद कई बार टैक्स, डीजल, बीमा, टोल, पार्ट्स और बसों की कीमत बढ़ चुकी है। इसके बावजूद भी अन्य राज्यों की अपेक्षा राजस्थान में किराया कम है। ऐसे में, राजस्थान में भी अन्य राज्यों के समान 1 रुपए 40 पैसे प्रति यात्री प्रति किलोमीटर किराया तय किया जाए। चुनाव में निजी बसों का किराया 2250 रुपए से बढ़ाकर अन्य राज्यों के समान 4500 रुपए और डीजल प्रतिदिन किया जाए। रोडवेज बस नहीं चलाए तो परमिट निजी बसों को दिया जाए बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने बताया कि रोडवेज के पास मात्र 2600 बसें हैं और 8000 परमिट ले रखे हैं। जिसके कारण कई राष्ट्रीय कृत मार्ग पर आम नागरिकों को यातायात का साधन उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसलिए जिस मार्ग पर रोडवेज परमिट लेकर बैठी है। बस नहीं चल रही है तो उसे परमिट को जमा करवाकर निजी बस ऑपरेटर को दिया जाना चाहिए। जिससे आम नागरिकों को यातायात का साधन उपलब्ध हो सके और सरकार को रेवेन्यू प्राप्त हो सके।

सेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा सिंधी समाज : बिरला

सिंधी समाज ने किया लोकसभा अध्यक्ष का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। पूज्य संत कंवर राम धर्मशाला के पदाधिकारी अपने सेवा और संस्कृति के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। अपने सेवा कार्यों के क्षेत्र में भी सिंधी समाज अब तेजी से लोगों की मदद को आगे आ रहा है। यह बात कोटा बूंदी सांसद व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कही। बिरला का सिंधी समाज की और से अभिनंदन किया। समाजसेवी दीपक राजानी के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की गई और उनके चित्रों की तस्वीर उन्हें भेंट की गई। सिंधी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी ने ओम बिरला को अवगत कराया कि अब तक 50 हजार से अधिक लोगों को चिकित्सा के क्षेत्र में लाभांवित किया जा चुका है, हजारों लोगों के नेत्र ऑपरेशन कराए जा चुके हैं। दीपक राजानी ने बताया कि सिंधी धर्मशाला द्वारा प्रतिमाह जरूरतमंद व निर्धन परिवार को राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। संत कंवर राम धर्मशाला सामाजिक सरोकार के कार्य निरंतर करती चली आ रही है। अध्यक्ष गिरधारी लाल पंजवानी व उनकी टीम द्वारा संस्था को और तेजी से आगे बढाया जा रहा है।

बिरला ने सिंधी समाज के लोगों को आव्हान किया कि वह व्यापार के साथ सरकार की नई योजनाओं का लाभ लें और बढते भारती की परिकल्पना को साकार करें। व्यापार के साथ शिक्षा, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे लाने का प्रयास करें। इस अवसर पर सतपाल चावला, सीपी भावनानी, दामोदर बनवानी, मुकेश खुशलानी, नारायण लालवानी, जीवन बुलचंदानी आदि लोग उपस्थित रहे।

फूल-माला देकर समझाए ट्रैफिक के नियम

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। शहर में आमजन को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने के लिए यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा पखवाड़ा की शुरुआत की। इसके तहत पहले दिन ट्रैफिक पुलिस ने एरोड्राम सर्किल से चंबल गार्डन तक आदर्श सड़क बनाकर वाहन चालकों से समझाइश की। उन्हें फूल व माला देकर यातायात नियमों के पालनों की जानकारी दी। ट्रैफिक पुलिस ने समझाया कि हेलमेट व सीट बेल्ट पुलिस के लिए नहीं, खुद के लिए लगाएं। एएसपी संजय शर्मा के अनुसार ये अभियान 15 दिन (24 अगस्त से 7 सितंबर) तक चलेगा। अभियान के पहले दिन कोशिश की है कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक हों। हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाएं। लोगों बताया है देश में हैड इंजरी से लाखों लोगों की मौत होती है। हेलमेट पुलिस के लिए नहीं, खुद के लिए लगाएं। नियमों के पालन के नहीं, खुद की आत्मरक्षा के लिए लगाएं। इस दौरान जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था, सीट बेल्ट नहीं लगा रखी थी। ऐसे लोगों को फूल व माला देकर समझाइश की है। महिलाओं से कहा कि अपने पति को बिना हेलमेट के घर से बाहर नहीं निकलने दें। बिना हेलमेट के बाइक चला रहे कुछ उत्पाती युवकों की गाड़ियां पकड़ी। उन्हें घर भेजकर हेलमेट लाने को कहा है। हेलमेट लाने के बाद उनकी बाइक को छोड़ा है। उनके गाड़ी के नम्बर नोट किए। अभी समझाइश की जा रही है। नियमों की पालना नहीं करने पर सख्ती की जाएगी।

वैश्य समाज ने बुद्धि और चातुर्य से देश की अर्थव्यवस्था को संभाला है

जागरूकता के अभाव में विधानसभा और लोकसभा में हमारा प्रतिनिधित्व घटता चला गया

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था कोटा तथा वैश्य समाज कोटा के तत्वावधान में शनिवार को आरोग्य नगर स्थित अग्रवाल भवन पर स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के स्टेट प्रेसीडेंट राजेश बिरला, भाजपा नेता पंकज मेहता, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, नरेंद्र गोयल, उद्योगपति तरसेम गर्ग, इंजीनियर बीएल गोयल, रामविलास जैन, महेश अजमेरा, पुरुषोत्तम चितौड़ा, सुरेश काबरा, ओम गट्टानी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश बिरला ने कहा कि कुछ नाम मात्र की सेना लेकर आने वाले आक्रमणकारी बाबर और अंग्रेजों ने हमारे असंगठित समाज पर वर्षों तक राज किया। इसलिए हमारे समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज व्यापार और सेवा में तो अग्रणी है, लेकिन पुलिस और सेना जैसे क्षेत्र वैश्य समाज से अछूते हैं। अब इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। पंकज मेहता ने कहा कि वैश्य समाज देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वैश्य समाज सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहता है। हमारी जागरूकता के अभाव में विधानसभा और लोकसभा में हमारा प्रतिनिधित्व घटता चला गया। अशोक माहेश्वरी ने कहा कि वैश्य समाज व्यापार और उद्योग जगत में सदैव अग्रणी रहा है।

वैश्य समाज अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं रहा। वैश्य समाज ने बुद्धि और चातुर्य से देश की अर्थव्यवस्था को संभाला है। स्वतंत्रता आंदोलन में भामाशाहों की बड़ी भूमिका वैश्य समाज से रही है। अध्यक्ष हुकुम मंगल ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान रमेश गोयल, डॉ. संजय अग्रवाल, बनवारीलाल गर्ग, विजय मित्तल, जेपी मित्तल, विष्णु गोयल, घनश्याम गोयल, राजेश जसोरिया, कैलाश गुप्ता, राजेश गर्ग, सुरेश सिंघल, प्रमोद भंडारी, महावीर जैन, मनोज सिंघल समेत कई लोग मौजूद रहे।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

राज्य में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है- राजस्थान बना अपराधिस्थान -नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर सहित राजस्थान अब अपराधिस्तान बन चुका है। जूली बोले भिवाड़ी में एक दिन पहले आतंकवादियों का नेटवर्क और दूसरे दिन ही ज्वेलर्स की गोली मारकर हत्या ने कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। उन्होंने कहा कि यह गोलीकांड नहीं बल्कि राज्य सरकार की असफलता की कहानी है। उन्होंने कहा कि पिछले आठ माह में पूरे प्रदेश में अराजकता का जो माहौल पनपा है उससे प्रदेश का बच्चा-बच्चा सहमा हुआ है। जूली बोले बदमाशों में कानून नाम का खौफ खत्म हो गया है, बदमाश ऐसी वीभत्स घटनाओं को अंजाम देकर चले जाते हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है। उन्होंने कहा कि घटना के 20 घंटे से ज्यादा बीत जाने के बाद भी अभी पुलिस खाली हाथ है। जूली बोले मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बदमाश घटना को अंजाम देकर पुलिस चौकी के सामने से भागे थे। जूली ने आरोप लगाया कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में राजस्थान की भोली भाली जनता से भ्रामक बातें कर भाजपा ने सरकार तो बना ली लेकिन इस सरकार की विफलताओं पर अब प्रदेश का हर आदमी खून के आंसू रो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से सरेआम लूट हो रही है तो कभी गोली मारकर उनकी हत्या की जा रही है।राइजिंग राजस्थान जैसे इवेंट कर आंकड़ों का मायाजाल दिखाकर व्यापारियों को निवेश के लिए प्रदेश में बुलाया जा रहा है पर ऐसे जंगलराज जैसी स्थिति में कौन व्यापारी राजस्थान में आने की हिम्मत करेगा। जूली बोले भिवाड़ी को औद्योगिक नगरी की पहचान दी परंतु अब यहां कभी आतंकवादी पकड़े जा रहे हैं तो कभी सरेआम व्यापारी से लूट और हत्या हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री दिल्ली यात्राओं पर व्यस्त हैं उनका प्रदेश की प्राथमिकताओं पर ध्यान ही नहीं है इसलिए राजस्थान में गृहमंत्री की नियुक्ति नितांत आवश्यकता है। जूली ने भिवाड़ी के घटना स्थल पर पहुंचकर पूरी जानकारी ली इसके बाद मृतक ज्वेलर्स के गांव पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

भिवाड़ी में फायरिंग मामले में एक्शन मोड पर आई पुलिस-वन मंत्री, क्षेत्रीय विधायक और एडिशनल डीजी क्राइम ने ली मीटिंग

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। शुक्रवार शाम को भिवाड़ी में में बाजार में एक ज्वेलर्स शोरूम पर ए लुटेरों ने फायरिंग कर एक व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया इस सनसनी के वारदात में शनिवार को भिवाड़ी के व्यापारियों ने बाजार बंद कर धरने पर बैठ सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया सूचना पाते ही मौके पर भिवाड़ी एसपी और क्षेत्रीय विधायक पहुंचे जहां दुकानदारों को समझाइए कर धरना समाप्त कराया दुकानदारों का कहना था कि इलाके में आए दिन आपराधिक गतिविधियों और वारदातें तेजी से बढ़ रही हैं व्यापारी असमंजस की स्थिति में है कि वह व्यापार करें या इन समाजकंटकों से लड़ाई करें मामले को लेकर राजस्थान सरकार के वन मंत्री संजय शर्मा और एडिशनल डीजी दिनेश में और क्षेत्रीय विधायक बाबा बालक नाथ ने मीटिंग कर पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और जिला एसपी ने टीम गठित कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए टीमों को रवाना किया।

पुलिस अधिकारियों की आपात ली बैठक

रीको गेस्ट हाउस में भिवाड़ी में घटित घटना को लेकर मंत्री संजय शर्मा ने एडीजी दिनेश एम एन, आई जी अनिल टांक, ह्यश्र भिवाड़ी की मीटिंग द्य विधायक बाबा बालकनाथ भी रहे मौजूद रहे।

कांग्रेस हमारा एजेंडा माने तो गठबंधन को तैयार : महबूबा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश के स्पेशल स्टेटस आर्टिकल 370 और 35ए की वापसी के प्रयास और पाकिस्तान से ट्रेड दोबारा शुरू करने का वादा किया है। महबूबा ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो आर्म्स फोर्सेस को मिली स्पेशल पावर, आतंक निरोधी कानून, पब्लिक सेफ्टी एक्ट और ऐनेमी एक्ट हटाएंगे। उन्होंने घाटी में कश्मीरी पंडितों के लिए 2 बीएचके मकान देने का वादा किया।

'है नमन उनको, ए ट्रिब्यूट टू रियल हीरोज' कार्यक्रम

हमारे जांबाज सैनिक देश के असली हीरो सैनिकों की बहादुरी और वीरांगनाओं का त्याग हमारे लिए प्रेरणास्रोत - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे जांबाज सैनिक देश के असली हीरो हैं। वे हमारी मातृभूमि के प्रहरी हैं। इन वीरों के अदम्य साहस और हौसलों के कारण ही 140 करोड़ देशवासी निश्चित होकर रह रहे हैं। हमारे जवान प्रत्येक भारतवासी का स्वाभिमान है। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान वह धरा है, जहां मां अपने एक बेटे के शहीद होने पर दूसरे बेटे को भी सेना में भेजने का जज्बा दिखाती है। उन्होंने कहा कि इन सपूतों को जन्म देने वाली मां और उनके परिजन देश की रक्षा के लिए बड़े से बड़ा बलिदान देना अपना गौरव मानते हैं। भारत माता के गौरव को ऊंचा रखने में हमेशा सैनिकों के साथ वीरांगनाओं ने भी त्याग की मिसाल कायम की है। सैनिकों की बहादुरी और वीरांगनाओं के त्याग की कहानियां हमेशा प्रेरणा का स्रोत रही हैं।

शर्मा शनिवार को एक निजी चैनल के कार्यक्रम 'है नमन उनको, ए ट्रिब्यूट टू रियल हीरोज' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शहीदों की वीरांगनाओं और परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सैनिकों और वीरांगनाओं के प्रति हमारे दिलों में जो सम्मान और आदर है, उसकी एक सच्ची अभिव्यक्ति है। उनके प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है यहां की माताओं ने अपने बेटों को और वीरांगनाओं ने अपने सुहाग को देश को समर्पित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाएं और सैनिकों के परिवारों को सहयोग प्रदान करें। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में उनकी उपस्थिति को महसूस करें और उनके लिए एक ऐसा वातावरण तैयार करें जिसमें वे अपने कर्तव्यों को पूरा करने में सच्चा संतोष और गर्व महसूस कर सकें।

कारगिल के विकट युद्ध में हमारे जवानों ने दुश्मन को किया परास्त

श्री शर्मा ने कहा कि कारगिल का युद्ध बड़ा विकट था। दुश्मन पहाड़ की चोटी से गोलियां बरसाता रहा और हमारे सैनिक कारगिल की चोटियों पर बैठे दुश्मन को परास्त करने के लिए आगे बढ़ते गए।

हमारे जवानों ने बर्फीले एवं दुर्गम पहाड़ों पर ऑक्सीजन की कमी जैसी मुश्किल परिस्थितियों में भी अपने फौलादी हौसलों से दुश्मन को खाक में मिला दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। आजादी के बाद दशकों से अटकी वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नेशनल वार मेमोरियल बनवाया जो वीरों की गाथाओं से देश को प्रेरित कर रहा है।

प्रदेश सरकार ने भी उठाए सैनिक कल्याण के लिए कदम

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर प्रदेश सरकार भी सैनिकों और उनकी वीरांगनाओं के कल्याण के लिए कई कदम उठा रही है। दूसरे विश्वयुद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों और उनकी वीरांगनाओं की मासिक पेंशन राशि 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग के समस्त कार्यों के ओटोमेशन के लिए वेब-पोर्टल शुरू किया है। इसके माध्यम से राज्य सरकार की समस्त सुविधाओं एवं योजनाओं का सीधा लाभ सैनिक परिवारों को मिल सकेगा तथा उनकी समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण संभव हो सकेगा। सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण की सभी सुविधाएं एक स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए जयपुर में 20 करोड़ की लागत से सैनिक कल्याण भवन बनेगा। इसके लिए भूमि का आवंटन किया जा चुका है।

पुणे में प्राइवेट कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश

पायलट और तीन यात्री घायल; भारी बारिश के बीच तकनीकी खराबी से हादसा होने की आशंका

पुणे। पुणे के पौड इलाके में शनिवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। यह हेलिकॉप्टर मुंबई से हैदराबाद जा रहा था। इसमें पायलट और तीन यात्री सवार थे। हादसे में पायलट जख्मी हुआ है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी तीनों लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई हैं। पुणे रूरल पुलिस के सुपरिंटेंडेंट पंकज देशमुख ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर मुंबई की ग्लोबल वेक्ट्रा हेलिकॉर्प कंपनी का था। आशंका है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी की वजह से क्रैश हुआ।

बदलापुर यौन शोषण केस, शरद पवार ने काली पट्टी बांधी

मुंबई/पुणे। बदलापुर यौन शोषण केस को लेकर महाविकास अघाड़ी शनिवार को विरोध प्रदर्शन कर रही है। एससीपी (एससीपी) के चीफ शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले पुणे में प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हाथ पर काली पट्टी भी बांधी हैं। मुंबई में प्रदर्शन के दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा- जब सरकार को लगा कि महाराष्ट्र बंद रहेगा तो उन्होंने अपने समर्थकों को कोर्ट में भेज दिया।

एससी/एसटी एक्ट तभी लगेगा जब अपमान में जाति का जिक्र

सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को जमानत दी; दलित विधायक को माफिया डॉन कहा था

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति को उसकी जाति का नाम लिए बगैर अपमानित किया गया है, तो यह मामला एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत अपराध नहीं होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एक ऑनलाइन मलयालम न्यूज चैनल के एडिटर शाजन स्कारिया को अग्रिम जमानत देते हुए यह फैसला सुनाया। स्कारिया पर 1989 एक्ट की धारा 3(1)(आर) और 3(1)( ) के तहत केस दर्ज हुआ था। उन पर आरोप था कि उन्होंने एससी समुदाय से आने वाले कुन्नाथुनाड के सीपीएम विधायक पीवी श्रीनिजन को माफिया डॉन कहा था। इस मामले में ट्रायल कोर्ट और केरल हाईकोर्ट ने उन्हें गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार कर दिया था।

कोर्ट ने कहा- वीडियो का एससी/एसटी समुदाय के लोगों से लेना-देना नहीं

आरोपी स्कारिया की तरफ से एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा और गौरव अग्रवाल ने दलीलें रखीं। जिसे मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा- एससी/एसटी समुदाय के किसी सदस्य का जानबूझकर किया गया हर अपमान और उसे दी गई धमकी जाति आधारित अपमान नहीं माना जाएगा। हमें ऐसा कुछ नहीं मिला जो साबित करे कि स्कारिया ने यूट्यूब वीडियो में एससी/एसटी समुदाय के खिलाफ

दुश्मनी या नफरत को बढ़ावा देने की कोशिश की है। वीडियो का एससी या एसटी के सदस्यों से कोई लेना-देना नहीं है। उनका निशाना केवल शिकायतकर्ता (श्रीनिजन) ही था।

तो फिर किसे जातिगत अपमान माना जाएगा...

70 पेज का फैसला लिखते हुए जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि केवल उन मामलों में जानबूझकर अपमान या धमकी दी जाती है, जो छुआछूत की प्रथा या ऊंची जातियों के निचली जातियों/अछूतों पर अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए होते हैं। इन्हें 1989 एक्ट में अपमान या धमकी कहा जा सकता है। बेंच ने कहा कि अपमानित करने का इरादा वही है, जिसे कई विद्वानों ने हाशिए पर पड़ी जातियों के लिए बताया है। यह कोई साधारण अपमान या धमकी नहीं है जिसे अपमान माना जाए और जिसे 1989 के अधिनियम के तहत दंडनीय बनाने की मांग की गई है।

एक्सीडेंट में 2 श्रद्धालुओं की मौत, 35 से अधिक घायल

ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंटेनर में हुई भिड़ंत, उत्तर प्रदेश से जा रहे थे गोगामेड़ी

बढ़ता राजस्थान

चूरू। उत्तर प्रदेश से गोगामेड़ी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंटेनर की भिड़ंत हो गई। हादसे में 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 35 से अधिक घायल हो गए। इनमें 3 गंभीर घायलों को बीकानेर रेफर किया गया है। हादसा शुक्रवार रात करीब 2 बजे चूरू जिले के सिद्धमुख थाना क्षेत्र में राजगढ़-भादरा स्टेट हाईवे पर चैनपुरा छोआ और ढाणा के बीच हुआ। सिद्धमुख थाना के एएसआई रामनारायण मीणा ने बताया रात करीब 2 बजे राजगढ़-भादरा स्टेट हाईवे पर चैनपुरा छोआ और

ढाणा के बीच एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। मौके पर श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और सब्जी से भरे कंटेनर में भिड़ंत हो गई। उत्तरप्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) जा रही थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

शाह बोले-मार्च 2026 तक देश से खत्म हो जाएगा नक्सलवाद

कहा- रूथलेस रणनीति से वामपंथी उग्रवाद पर होगा अंतिम प्रहार; छत्तीसगढ़ में बना एक्शन प्लान

बढ़ता राजस्थान

रायपुर । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा की। इस बैठक में 7 राज्यों अफसरों के साथ करीब 4 घंटे तक बातचीत की गई। मीटिंग में अलग-अलग राज्यों के DGP, पैरा मिलिट्री फोर्स के चीफ और राज्य सरकार के सचिवों को बुलाया गया। बैठक के बाद शाह ने कहा कि, मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। मैं मानता हूं कि अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ रुथलेस रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए। वामपंथी उग्रवाद लोकतंत्र व्यवस्था के लिए चैलेंज है।

बैठक के बाद शाह की प्रमुख बातें

- मुझे विश्वास है कि हमारी लड़ाई अंतिम चरण पर पहुंच गई है। हम देश को 2026 मार्च तक पूरी तरह नक्सल समस्या से मुक्त कर पाएंगे।
- नक्सल प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजना का सौ फीसदी काम हो इसे लेकर बैठक में चर्चा हुई।
- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट है उसकी प्रगति और प्रगति के रास्ते में जो अड़चन है इसको दूर करने के लिए हमने मीटिंग की है।
- हम सब का मानना है कि वामपंथी उग्रवाद हमारे देश की लोकतंत्र व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा चैलेंज है। भारत सरकार बस्तर से बीजापुर और दंतेवाड़ा से लेकर धमतरी तक कुरुक्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध है।
- वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के लिए कई अचीवमेंट हुए हैं, 2022 में 1 साल ऐसा आया कि जिसमें चार दशक में पहली बार मृत्यु की संख्या 100 से नीचे गई।
- 2014 से 24 तक सबसे कम वामपंथी उग्रवाद की घटना दर्ज की गई। टॉप-14 नक्सली लीडर को न्यूट्रलाइज किया गया है।

नक्सल प्रभावित जिलों में भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजना का सौ फीसदी काम हो इसे लेकर बैठक में चर्चा हुई। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों

में इंफ्रास्ट्रक्चर के जो प्रोजेक्ट है उसकी प्रगति और प्रगति के रास्ते में जो अड़चन है इसको दूर करने के लिए हमने मीटिंग की है। भारत सरकार बस्तर से बीजापुर और दंतेवाड़ा से लेकर धमतरी तक कुरुक्षेत्र के विकास के लिए कटिबद्ध है।

पहली बैठक इंटरस्टेट कोऑर्डिनेशन की हुई। इसमें छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के अफसरों ने प्रदेश में नक्सल स्थिति का ब्योरा दिया। वहीं दूसरी बैठक छत्तीसगढ़ को लेकर की जा रही है।

दूसरी बैठक छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा और विकास की योजनाओं पर शाह बात कर रहे हैं। नियद नेल्लानार योजना पर छत्तीसगढ़ के अब तक किए कामों की जानकारी प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा दे रहे हैं।